# सेहत के साथ आंखों को नुकसान पहुंचा रही हीटवेव

संवाददाता, रायबरेली


आयावर्त आई हास्पिटल में मरीज का उपचार करते नेत्र सर्जन धर्मेंद्र सिंह।

**अमृत विचार।** नौतपा से लोगों की मुश्किल कम नहीं हो रही है। भीषण गर्मी से लोग परेशान है। किसी न किसी बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। इन सबके बीच हीट वेव से सेहत के साथ आंखों को भी काफी नुकसान पहुंच रहा है।

दोपहर में निकलने वाले लोग अकसर आंख की बीमारी की चपेट में आ जा रहे हैं। ऐसे में थोड़ी सी चूक भारी पड़ रही है। गर्मी के मौसम में आंखों में बढ़ती समस्याओं को लेकर जिले के आयावर्त आई हास्पिटल के डायरेक्टर व नेत्र सर्जन डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने अमृत विचार के माध्यम से बचाव के लेकर जरूरी टिप्स दिए। बढ़ती हुई गर्मी में लोग हीटवेव और इससे जुड़ी बीमारियों से बचने के लिए तमाम तरीके अपनाते हैं। सनस्क्रीन, हैट, छतरी, धूप वाले चश्मे और ढेर सारा पानी ही इस बढ़ती गर्मी में हमारे साथी होते हैं। हीटवेव शरीर के सभी अंगों को प्रभावित कर सकता है, जिसमें आंखें बेहद ही महत्वपूर्ण अंग हैं। तेज चलती हुई गर्म लू और बढ़ता तापमान आंखों के लिए बहुत ही नुकसानदायक साबित हो सकता है। इसलिए जरूरी है कि आंखों की खास देखभाल की जाए वरना ये हीटवेव आई स्ट्रोक जैसी गंभीर स्थिति तक के कारण बन सकते हैं।

### आंखों को होने वाले खतरे

**ड्राई आइज :** अधिक तापमान के कारण आंखों की फिल्म से पानी सूख सा जाता है, जिससे आंखें लाल हो जाती हैं और इसमें जलन महसूस होती है।

**कंजक्टिवाइटिस :** आंखों में कुछ चुभने का एहसास, आंखों से पानी आना और आंखें लाल होना कंजक्टिवाइटिस के कुछ लक्षण हैं, जो कि गर्मियों में अक्सर हो जाता करते हैं।

**आई एलर्जी :** लू में मौजूद प्रदूषण के कण आंखों में चले जाते हैं जिससे आंखें लाल होना, जलन और खुजली होना जैसे एलर्जिक रिएक्शन होने लगते हैं।

**आई स्ट्रोक :** आंखों की रेटीना में ब्लड फ्लो ब्लॉक होने लगता है, जिससे दिखना बंद हो सकता है। ये एक मेडिकल इमरजेंसी है और ये बहुत ही खतरनाक स्थिति होती है। अधिक गर्मी के कारण आंखों की रेटीना पर ब्लड क्लॉट हो जाता है, जिससे आंखों तक ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाता है कारण आई स्ट्रोक हो सकता है। इससे बचने के लिए अधिक गर्मी में निकलने से बचें, अपने ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल लेवल की जांच कराते रहें और इन्हें संतुलित रखें।

### आंखों को ऐसे बचायें हीटवेव से

आयावर्त आई हास्पिटल के डायरेक्टर व नेत्र सर्जन डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि घर के बाहर हमेशा यूवी ब्लॉक सनग्लासेस लगाएं, जो यूवी किरणों के खतरनाक प्रभाव से आंखों को बचाए। ऐसे सनग्लासेस चुनें जो 99 प्रतिशत तक यूवी किरणों को ब्लॉक कर सके। पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें, जिससे ड्राई आइज की समस्या उत्पन्न न हो। अपनी आंखों की नमी को बरकरार रखने के लिए एक्सपर्ट के निर्देश अनुसार लुब्रिकेटिंग आई ड्रॉप का इस्तेमाल करें। स्क्रीन से ब्रेक लेते रहें जिससे आंखों पर दबाव कम पड़े। कूल कॉम्प्रेस के इस्तेमाल से आंखों की थकान दूर करें और इसे ठंडक का एहसास दिलाएं। इसके लिए बर्फ के टुकड़े को कपड़े में लपेट कर आंखों की सिंकाई कर सकते हैं। तेज लू में निकलना मजबूरी हो तो बिना छाता लिए न निकलें। चौड़े हैट लगाकर धूप में निकलें जिससे सिर और आंखों को धूप के तेज प्रभाव से बचाया जा सके।

# परिजनों की डांट से क्षुब्ध किशोरी ने की खुदकुशी

संवाददाता, खीरो, रायबरेली

**अमृत विचार।** खीरो क्षेत्र के गांव पाहो गांव में सोमवार की शाम परिजनों की डांट से क्षुब्ध लक्ष्मी (17) पुत्री शिवनरेश ने घर के अंदर पंखे के हुक में साड़ी से फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी होते ही परिजनों ने उसे नीचे उतारकर सीएचसी खीरों पहुंचाने का प्रयास किया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। परिजनों के अनुसार मामला प्रेम प्रसंग का है।

पाहो गांव निवासी शिवनरेश ने बताया कि मेरी पुत्री लक्ष्मी (17) का गांव के एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। सोमवार को युवक शहर से गांव आकर मृतका से मिलने उसके घर आ गया। दोपहर बाद मृतका के पिता ने उसे देखकर दोनों को डांटा। युवक के जाने के बाद वह घर से बाहर चला गया। शाम लगभग 5 बजे जब वह घर पहुंचा तो लक्ष्मी को घर के अंदर पंखे के हुक में साड़ी के सहारे लटका देखा। मृतका के पिता ने पड़ोसियों के सहयोग से उसे नीचे उतारकर सीएचसी खीरों पहुंचाने का प्रयास किया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतका लक्ष्मी की मां स्व. राम सखी की 12 वर्ष पूर्व मृत्यु हो जाने के कारण लक्ष्मी ही घर के कामकाज के साथ अपने छोटे भाइयो आयुष,अनुभव, छोटी बहन रागिनी, कल्पना, चांदनी की देखरेख करती थी। लक्ष्मी की मौत के बाद सभी परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि मृतका के पिता की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। घटना की जांच और शिकायती पत्र मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# डंपर से कुचलकर बाइक सवार की मौत

## जेसीबी व हाइड्रा की मदद से बाहर निकाला गया टायर में फंसा शव, मंजर देख सहमे लोग

संवाददाता,बछरावां, रायबरेली


विनीत तिवारी ( मृतक फाइल फोटो )


दुर्घटनास्थल पर मौजूद लोगों से पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** महराजगंज रोड पर थुलेंडी गांव के नजदीक ईदगाह के पास एक बाइक सवार की डंपर से टक्कर हो गई। हादसे में मोटर साइकिल सवार डंपर के पिछले पहियों में फंस गया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घंटो कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने शव को डंपर के पहियों से बाहर निकाला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

सोमवार की दोपहर विनीत तिवारी (22) पुत्र दयाशंकर निवासी पूरे जिगरी का पुरवा मजरे सुल्तानपुर बैंक से कुछ कार्य निपटाकर वापस अपने गांव जा रहा था, तभी बछरावां-महराजगंज रोड पर उसकी बाइक आगे चल रहे डंपर के पिछले हिस्से से टकरा गई। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि बाइक का हैंडल डंपर से टकराया होगा, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर दूसरी तरफ चली गई और युवक डंपर के बाये तरफ के पिछले पहियों के नीचे आ गया, जिससे युवक टायरों के बीच में फंस गया और उसकी कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद फंसे शव को टायरों से बाहर निकाला। शव को टायरों के बीच से निकालने में जेसीबी व हाइड्रा का भी सहारा लेना पड़ा। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। थानाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी। डंपर को कब्जे में ले लिया गया है। डंपर चालक की तलाश की जा रही है।

### अज्ञात युवक का मिला अर्द्धनग्न शव, मचा हड़कम्प

सतांव, रायबरेली, अमृत विचार। गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के सहजौरा–सुल्तानपुर खेड़ा सम्पर्क मार्ग के बांस गांव के समीप सड़क किनारे शनिवार की देर शाम एक अज्ञात युवक का अर्द्धनग्न शव मिलने से हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थलीय निरीक्षण करने के उपरान्त आस–पास के ग्रामीणो और राहगीरों से शव की शिनाख्त का प्रयास किया गया, किन्तु शव की शिनाख्त नही हो सकी। मृतक युवक के हांथ पर बिंदा और ज्योती गुदा हुआ था। पुलिस ने ग्राम प्रधान की उपस्थिति में शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष प्रवीर गौतम ने बताया कि शव की शिनाख्त के लिए विभिन्न सोशल मीडिया माध्यमों से प्रचार–प्रसार कराया गया था, जिसके चलते रविवार की शाम पब्लिक ऐप के माध्यम से मृतक की बहन विजय लक्ष्मी निवासिनी मलिकमऊ चौबारा थाना गुरुबक्सगंज ने मृतक का नाम कुलदीप पुत्र छोटेलाल निवासी बड़ा घोसियाना सुल्तानपुर चौराहा थाना कोतवाली नगर रायबरेली के रूप मे शिनाख्त की। थानाध्यक्ष प्रवीर गौतम ने बताया कि शव की शिनाख्त के उपरान्त अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए घटना की गहनता से जांच की जा रही है।

### तेज रफ्तार कार ने बाइक में मारी टक्कर, महिला की मौत

**हरचंदपुर।** लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर एक तेज़ रफ्तार कार ने सामने चल रही बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक में सवार महिला की मौत हो गई तथा बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब थाना क्षेत्र के पूरे छत्ता गांव का अंकुर यादव, संगीता पत्नी संजय निवासी पूरे नारायण शुकुल मजरे गुलुपुर को बाइक से किसी काम से जा रहा था। जैसे ही वह कठवारा गांव के पास हाईवे पर कट के पास पहुंचा तभी रायबरेली की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिर गए सड़क पर गिरने से सुनीता की मौके पर मौत हो गई। घायल अंकुर को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया, जहां हालत में सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**जगतपुर, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के जगतपुर डलमऊ संपर्क मार्ग जलालपुर बही के अनुज पेट्रोल पंप के पास ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर बैठे अधेड़ की हालत गंभीर हो गई। जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सोमवार को जगतपुर डलमऊ मार्ग पर जलालपुर बही के अनुज पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक में टक्कर मार दी। जिस पर बाइक पर बैठे अतुल कुमार निवासी लखनापुर थाना सरेनी गंभीर रूप से घायल हो गए तथा बाइक पर अन्य दो सवार लोग बाइक लेकर मौके से फरार हो गए थे। सीएचसी के अधीक्षक डॉक्टर एलपी सोनकर ने बताया है कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही युवक की मौत हो चुकी थी। एसओ बबिता पटेल ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही की जा रही है, तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

# पीएम रिपोर्ट में युवक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं

**लालगंज, रायबरेली।** कस्बे के घसियारी मंडी निवासी अरविंद गुप्ता (25) पुत्र राजू गुप्ता की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार अरविंद गुप्ता की हालत अचानक बिगड़ गई थी जिसके कारण पारिवारिकजन उसे गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल लालगंज इलाज के लिए ले गए थे। सरकारी अस्पताल में मौजूद डा कुमार विमल ने इलाज के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह ने बताया कि युवक अरविंद गुप्ता का पोस्टमार्टम कराया गया है, लेकिन मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। जिसके चलते युवक का बिसरा लखनऊ विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जांच के बाद ही मृत्यु का कारण स्पष्ट होगा।

### मजदूर संघ के साथ चर्चा

**रायबरेली।** सोमवार को प्रबंध निदेशक के साथ भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधी मंडल ने आईटीआई रायबरेली इकाई के कार्यदेश -पीएल और पीएफ सैलरी और वेतन पुनरीक्षण आदि विषयों को लेकर विस्तार से चर्चा की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने विषयों को गंभीरता से लेते हुए निदान देने की बात कही। वार्ता अति सौहार्दपूर्ण रही। इस अवसर पर सीएम सिंह अध्यक्ष जिला रहे।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **कंचन पत्नी जितेन्द्र नाथ सिन्हा, निवासी–68, ग्राम–देवानन्दपुर, पो0 रतापुर, जिला–रायबरेली,** यहकि कंचन व रेखा ये दोनों नाम मेरे ही है अलग–अलग नहीं है यह एक ही महिला के नाम है। मेरा नाम कंचन उर्फ रेखा है।

**इश्तेहार**

न्यायालय श्रीमान महोदय स्थान बहराइच
सा. प्रा. मामला सख्या: 24/70/24
इनवान मुकदमा सीता देवी पत्नी जातजायदाद
बनाम
सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कु. सीता देवी पत्नी राम बदल वर्मा निवासी परगना इकौना तहसील पयागपुर बहराइच उक्त अदालत में श्री/श्रीमती/राम बदल पुत्र भगवानदीन निवासी अमराई पर. इकौना, तहसील पयागपुर बहराइच मृतक की जायदाद मालयती प्राप्त करने हेतु सक्सेन प्रार्थना पत्र दिया है जिसमे सुनवाई हेतु पेशी दिनांक 03 महीन 07 सन् 2024 ई. नियत की गयी है। अगर किसी व्यक्ति को उक्त प्रार्थना पत्र के विरोध में कोई आपत्ती हो तो दिनांक 03/07/24 को अदालत में उपस्थित होकर अपनी आपत्ती दाखिल करे ऐसा न करने पर उक्त प्रार्थना पत्र की सुनवाई एक पक्षीय में की जायेगी।
आज दिनांक 29 महीना 05 सन् ई. 2024 अदालत की मुद्रा लगाकर मेरे हस्ताक्षर सहित जारी हुआ।
मुद्रा जज

**सूचना**

सूचित हो कि मैं श्रीमती मसीद जहां पत्नी मोहम्मद वसीम निवासिनी ग्राम बस्तौली, बी–ब्लॉक, इंदिरानगर, लखनऊ ने अपनी विवाहित पुत्री रेशमा उर्फ रेशू को उसके गलत आचरण एवं नाफरमानी के कारण अपने सभी सम्बंध समाप्त कर लिए है व अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम किसान बही में देवी प्रसाद पुत्र राम लोचन, भारत निर्वाचन कार्ड में जग प्रसाद पुत्र राम लोचन तथा आधार कार्ड में दद्दन मिश्रा पुत्र राम लोचन दर्ज है। तीनों नाम मेरा ही है। मैंने कोई जाल–साजी व धोखाधड़ी नहीं किया है। आधार कार्ड में अपना नाम जग प्रसाद उर्फ दद्दन मिश्रा पुत्र नाम लोचन मिश्रा करवाना चाहता हूं यही मेरा सही नाम है। **– जग प्रसाद उर्फ दद्दन मिश्रा ग्राम पांडे पुरवा मौजा खरगू चांदपुर जिला गोंडा।**

**शीघ्र चाहिए**

कोठी, बंगला, अपार्टमेंट, फार्म हाउस के लिए नौकर–नौकरानी, आया, मैड, सर्वेंट, ड्राइवर, चौकीदार, कुक, बेबीकेयर, पेशेंट केयर, वेतन 11000 से 15000 रहना–खाना मेडिकल फ्री ड्यूटी दिल्ली पंजाब महाराष्ट्र, गुजरात नोएडा गाजियाबाद लखनऊ कानपुर मिले अपने आधार कार्ड फोटो के साथ 105 **दुर्गा मां टावर लालबाग लखनऊ, मो0– 8896030769 /** 9554377000

**सूचना**

यह सभी को सूचित किया जाता है कि हम, **डॉ. आनंद कुमार और नीतू कुमारी, निवासी –क्वार्टर नंबर सी–2, सीएसआईआर कालोनी, निराला नगर, लखनऊ–226020,** हमारी बेटियों कुमारी अभिज्ञा, जन्म तिथि – 16.06.2012 और कुमारी दक्षिता, जन्म तिथि 09.11.2013 के नाम में उपनाम "**गुप्ता**" जोड़ने का निर्णय लिया है। अब से हमारी बेटियाँ क्रमशः अभिज्ञा गुप्ता और दक्षिता गुप्ता के नाम से जानी जाएंगी। हम सभी से अनुरोध करते हैं कि इस परिवर्तन को ध्यान में रखें और भविष्य में हमारी बेटियों को उनके नए नामों से संबोधित करें।

**सूचना**

सूचित हो कि मै **राम आसरे सिंह सुत ढेलारु, निवासी– ग्राम– भगवानपुर, परगना – मीरानपुर, तहसील– लंभुआ, जिला सुलतानपुर,** मेरे तीन पुत्र है जिसमें दूसरे नम्बर का पुत्र राजीत राम का चाल – चलन ठीक नहीं है गलत लोगों की संगत में रहता है और मेरे कहने – सुनने में नहीं है उससे मैं बहुत दुखी है। उसके इन कृत्यों से तंग आकर उसे अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। अब मेरा उससे कोई वास्तव व सरोकार नहीं होगा। अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **राम कुमार पुत्र सियाराम, निवासी– ग्राम– रामसिंह खेडा मो0 इसुनिया, पोस्ट– अटवा, जिला–उन्नाव,** मेरी बीमा पॉलिसी में मेरा नाम राजकुमार अंकित है। मेरे समस्त कागजात, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं बैक खातें में राम कुमार अंकित है जबकि मेरा सही नाम रामकुमार है। इसलिए मेरा नाम राजकुमार के स्थान पर रामकुमार पढ़ा जाय।

# प्रियंका गांधी ने पत्र भेज मृतक के परिजनों को बंधाया ढांढस

संवाददाता, हरचंदपुर


शोक संवेदना पत्र सौपते कांग्रेस नेता।

**अमृत विचार।** कांग्रेस सेवादल के ब्लॉक मुख्य संगठक रहे त्रिभुवन प्रसाद अवस्थी की सड़क हादसे में घायल होने के बाद पी जी आई में इलाज के दौरान 21 मई को मौत हो गई थी। सोमवार को प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारियों ने उनके घर पहुंच कर बेटे अनूप अवस्थी को प्रियंका गांधी द्वारा भेजा पत्र देकर शोक संवेदना प्रकट की। इस मौके पर सुरेंद्र विक्रम सिंह पूर्व विधायक सहित अन्य नेतागण मौजूद रहे।

# मनोबल गिराने के लिए हो रहा भ्रामक प्रचार

संवाददाता, रायबरेली



प्रेसवार्ता को संबोधित कतरे इंडिया गठबंधन के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सपा एवं कांग्रेस पार्टी की संयुक्त प्रेसवार्ता शहर के एक होटल में आयोजित की गयी। प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए सपा के जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव ने कहा कि जमीनी हकीकत यह है कि 2024 का लोकसभा चुनाव भाजपा शासित केन्द्र सरकार की जन विरोधी नीतियों से बढती हुई महंगाई, बेरोजगारी, संवैधानिक संस्थाओं के दुरूपयोग संविधान बदलने की साजिश कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति जैसे अनेक कारणों से दुःखी स्वयं जनता ने लड़ा है। कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि इंडिया गठबन्धन के कार्यकर्ताओं का मनोबल गिराने के लिए गोदी मीडिया द्वारा भाजपाई एग्जिट पोल परोस कर लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश की जा रही है। चुनाव आयोग पूर्ण रूप से भाजपा सरकार की कठपुतली बन कर रह गया है। झूठे प्रचार के जरिये लोगों में भ्रम फैलाया जा रहा है। मौके पर श्याम सुन्दर भारती विधायक बछरावां, सुरेन्द्र विक्रम सिंह पूर्व मंत्री, आरपी यादव, ओपी यादव, धीरज श्रीवास्तव, मो अरशद खान, विनायक सोनकर अन्य लोग मौजूद रहे।

# दो पक्षों में मारपीट, तीन लोग जख्मी

महराजगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के थरि मजरे माझगांव में रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठियां चटकी। घटना में दोनों पक्षों से दो महिलाओं समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को गंभीर हालत में सीएचसी पहुंचाया गया। उधर पुलिस ने दोनों पक्षों की अलग-अलग तहरीर के आधार पर घटना से जुड़े आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के थ रि मजरे मांझगांव निवासी मैकूलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पूनम पुत्री देवराज नल पर पानी भरने जा रही थी तभी टटिया बना रही पिंकी पुत्री अयोध्या प्रसाद और उनकी मां कमलेश कुमारी गाली-गलौज करने लगी। आरोप है विरोध जताने पर दोनों ने उसकी लाठी डंडों से जमकर पिटाई कर दी। आवाज सुनकर जब उसके पिता देवराज घटना स्थल पर पहुंचे तो आरोपियों ने उसे भी पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष की पिंकी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपनी मां कमलेश कुमारी के साथ टटिया बांध रही थी, तभी पूनम उसे गालियां देने लगी। आरोप है कि जब उसने घटना का विरोध किया तो पूनम और उसके पिता ने उसकी माता को लाठी डंडों से मारना पीटना शुरू कर दिया। घटना में दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की अलग-अलग तहरीर के आधार पर आधा दर्जन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# वाहन ने युवक को मारी टक्कर, रेफर

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** बाइक से अपनी बहन के घर जा रहे भाई को तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। यह हादसा ऊंचाहार-सलोन मार्ग पर कोतवाली क्षेत्र के मनीरामपुर पुल के पास हुआ है।

सलोन कोतवाली क्षेत्र के गांव मचाल का पुरवा मजरे निरुद्दीनपुर निवासी युवक अखिलेश कुमार (23) पुत्र बाबूलाल ऊंचाहार के बहेरवा बाजार आए हुए थे। यहां से वापस वह रायपुर गांव अपनी बहन के यहां जा रहे थे। रास्ते में मनीराम पुर पुल के पास एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उनको उठाकर सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर दशा को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# अंबिका दास बाबा मंदिर पर भण्डारे का आयोजन

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के देहली स्थित अंबिका दास बाबा के मन्दिर में भण्डारा आयोजित किया गया। देर रात तक चले भण्डारे में भारी तादाद में पहुंचे श्रद्धालुओं ने मन्दिर में माथा टेक कर प्रसाद ग्रहण कर मनोकामनाएं मांगी। भण्डारे से पूर्व हवन पूजन किया गया। भंडारे में देवेंद्र, सुशील द्विवेदी, राजू मिश्रा, गंगा प्रसाद पांडेय, महेंद्र दीक्षित, लाल बहादुर यादव, अनूप वर्मा, संतराम गौतम, संदीप, बबलू दिवाकर आदि मौजूद रहे।

जागरूकता

पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए करना होगा अधिक से अधिक पौधरोपण

# पौधरोपण से ज्यादा जरूरी है वृक्षों का संरक्षण

संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली


राज दीक्षित, समाजसेवी

**अमृत विचार।** धार्मिक अनुष्ठानों, सामाजिक कार्यों एवं समाज सेवा के क्षेत्र में अद्वितीय छाप छोड़कर लोगों के दिलों में गहरी जगह बना चुके नगर पंचायत के शिवगढ़ कस्बा स्थित परशुराम आवास में रहने वाले समाजसेवी राज भैया उर्फ राज दीक्षित हरियाणा वाले ने पेड़ों की कमी से लगातार बढ़ते जा रहे तापमान एवं पर्यावरण असंतुलन के प्रति चिन्तन व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि वृक्षों के संरक्षण के प्रति हम सभी को सोचना चाहिए। किसी ने क्या खूब कहा है कि पेंड़ काटने आए हैं कुछ लोग मेरे गांव में, धूप अभी बहुत तेज हैं ये कहकर बैठें हैं उसी की छांव में।

श्री दीक्षित ने कहा कि पौधरोपण से ज्यादा जरूरी वृक्षों का संरक्षण है। क्योंकि एक पेड़ अपने जीवन में हजारों सिलेंडर के बराबर ऑक्सीजन, कई एसी के बराबर शीतलता, कई कूलर, कई पंखों के बराबर हवा देता है। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधे जहां उपहार स्वरूप जीवनदायिनी प्राणवायु ऑक्सीजन, फल, फूल औषधियां देते हैं। वहीं पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यदि इसी तरह लगातार घटती हुई पेड़ों की संख्या में इजाफा होता रहा तो तापमान बढ़ने के साथ ही ऑक्सीजन की कमी हो जाएगी, जिससे जीना दूभर हो जाएगा। भीषण गर्मी में पेड़ तापमान को कम करने के साथ ही शीतलता प्रदान करते हैं। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण पेड़ों की जड़ों से पत्तियों तक पानी का होना होता है। पेड़ों के आस-पास नमी रहती है, इसलिए पेड़ शीतल छाया प्रदान करते है। प्रकाश संश्लेषण क्रिया के दौरान पेड़-पौधे प्रकाश को अवशोषित करते हैं जिससे पेड़ों के आस-पास तापमान कम रहता है। वर्तमान समय में पेड़ों की कमी से जहां तापमान 50 डिग्री सेंटीग्रेड से अधिक पहुंच चुका है। वहीं कोरोना महामारी के संकटकाल में पूरी दुनिया ऑक्सीजन की कमी महसूस कर चुकी है।

उन्होंने कहा कि अभी भी वक्त है हम सभी चेत जाएं और अपने लिए ना सही आने वाली पीढ़ी के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर अपना नैतिक कर्तव्य निभाएं। उन्होंने संकल्प लेते हुए कहा कि इस बार बारिश में वे अपनी टीम के साथ सार्वजनिक स्थलों पर पीपल, बरगद, पाकर, नीम, गूलर, महुआ, कंजी आदि के पेंड़ लगाने के साथ ही लोगों को वृक्षारोपण के प्रति प्रेरित करेंगे।

# एथलेटिक्स : जिले की नंदनी ने जीता कांस्य

संवाददाता,रायबरेली


मेडल पहनाते पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रविवार को सपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया रीजनल सेंटर सरोजिनी नगर लखनऊ में आयोजित यूपी यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पैदल चाल वॉक प्रतियोगिता में जनपद रायबरेली की नंदिनी सोनकर ने कांस्य पदक जीता।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत शुक्ला ने खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया। नंदनी सोनकर की इस उपलब्ध पर जिला क्रीड़ा अधिकारी धीरेंद्र पुरुषोत्तम एथलेटिक एसोसिएशन के अध्यक्ष डब्लू सिंह, सीनियर जॉइंट सेक्रेटरी अजय सिंह चंदेल, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, जॉइंट सेक्रेटरी अभिषेक द्विवेदी, एथलीट कोच अनुभव मिश्रा, चीफ सिलेक्टर नवनीत वर्मा, अमन सिंह व स्टेडियम एथलीट के कोच मोहम्मद शोएब आदि ने बधाई दी है।

प्रवेश प्रारम्भ

प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992

पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# किस प्रत्याशी के सिर पर सजेगा ताज, पता चलेगा आज

## नवीन मंडी परिसर में सुबह आठ बजे से शुरू होगी मतगणना, बाराबंकी लोकसभा सीट की पांच विधानसभाओं के लिए लगायी गयीं 70 टेबल

### इंतजार की घड़ियां

- सुबह 11 बजे तक मिलेगा पहला रुझान, सुरक्षा के रहेंगे कड़े बंदोबस्त
- भाजपा और गठबंधन प्रत्याशी के

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** बीती 20 मई को ईवीएम में कैद 13 प्रत्याशियों की किस्मत का पिटारा मंगलवार को खुलेगा। मतगणना के बाद पता चलेगा कि किसके सिर पर ताज सजा है और कौन मायूस हुआ है। राजनीतिक दिग्गजों के मुताबिक यहां भाजपा व गठबंधन प्रत्याशी के बीच कड़ा मुकाबला है।

नवीन मंडी परिसर में बने मतणना स्थल पर बाराबंकी संसदीय क्षेत्र में आने वाली पांच विधानसभाओं के लिए 70 टेबल लगाई गईं हैं। जबकि अयोध्या संसदीय क्षेत्र में आने वाली दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र की गणना के लिए 14 टेबल अलग से लगाई गईं हैं। वहीं स्ट्रांग रूम की सील तोड़ने से लेकर जीत का प्रमाण पत्र देने तक की मतगणना की पूरी प्रक्रिया सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगी। कर्मचारियों को सुबह छह बजे मतगणना स्थल पर बुलाया गया है। सुबह आठ बजे से पोस्टल बैलेट की गणना के बाद प्रेक्षक, जिला निर्वाचन मजिस्ट्रेट व प्रत्याशियों के समक्ष स्ट्रांग रूम की सील खोली जाएगी। इसके बाद ईवीएम को सुरक्षित गणना टेबल पर पहुंचाया जाएगा। जहां पर प्रशिक्षित कर्मी मतों की गिनती करेंगे। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में लगे 14-14 टेबलों पर एक साथ गणना होगी। करीब 32 से 33 चक्र की गणना में 2615 बूथों के परिणाम सामने आ जाएंगे। गर्मी को देखते हुए मतगणना स्थल पर एसी और कूलर तथा पेयजल की व्यापक व्यवस्था की गई है। सुरक्षा व्यवस्था में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी गई है। चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी कैमरे, पुलिस और अर्द्धसैनिक बल के जवान तैनात रहेंगे। हर गेट और बैरियर पर मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगा दी गई है। बिना तलाशी के कोई भी बैरियर पार नहीं कर पाएगा।


मतगणना कार्मिकों के ड्यूटी वितरण के लिए बनाया गया काउंटर।


पुलिसकर्मियों को निर्देश देते पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह। अमृत विचार

### वेबसाइट से हर चक्र की गणना की मिलेगी जानकारी

वोटर हेल्पलाइन एप व आयोग की वेबसाइट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट आईएन से घर बैठे मतगणना की हर चक्र की जानकारी मिलेगी। पल-पल की जानकारी हेल्पलाइन एप पर अपडेट की जाएगी।

### इस प्रकार होगी चक्रवार गणना

| विधानसभा | बूथ सं. | कितने चक्र |
|---|---|---|
| 266 कुर्सी | 461 | 32 से 33 चक्र |
| 267 रामनगर | 407 | 29--30 चक्र |
| 268 बाराबंकी | 437 | 31 से 32 चक्र |
| 269 जैदपुर सु. | 447 | 32 से 32 चक्र |
| 272 हैदरगढ़ सु. | 386 | 27 से 28 चक्र |
| 270 दरियाबाद | 477 | 35 चक्र |

### ये प्रत्याशी मैदान में

| | |
|---|---|
| तनुज पुनिया | कांग्रेस |
| राजरानी रावत | भाजपा |
| शिवकुमार दोहरे | बसपा |
| आशा देवी | स्वतंत्रता अभिव्यक्ति पार्टी |
| महेंद्र कुमार | आवामी समता पार्टी |
| रामगुलाम राजदान | पब्लिक अधिकारी सोशलिस्ट इंडियन पार्टी |
| संतोष कुमार | डॉ..भीमराव आंबेडकर दल |
| प्रेमचंद्र | सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी |
| ओमकार | निर्दल |
| मिथलेश कुमारी | निर्दल |
| रामलखन | निर्दल |
| बाबूराम | निर्दल |
| देवतादीन | निर्दल |

### सबसे पहले आएगा हैदरगढ़ क्षेत्र का परिणाम

बूथों की संख्या के हिसाब से हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र की मतगणना सबसे पहले पूरी होगी। ऐसे में इस विधानसभा क्षेत्र में कौन प्रत्याशी आगे है कौन पीछे यह मालूम हो जाएगा। वहीं कुर्सी विधानसभा क्षेत्र की मतगणना सबसे आखिरी में समाप्त होगी। 33 राउंड में वोटों की गिनती पूरी होगी। इसके बाद अन्य विधानसभा क्षेत्र से परिणाम सामने आएंगे। बाराबंकी संसदीय क्षेत्र में पांच विधानसभा आती हैं।

# एजेंट को सभी डेटा नोट कराएं मतगणना कार्मिक


मतगणना कार्मिकों को निर्देश देते जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येन्द्र कुमार।

### तैयारी पूरी

- प्रेक्षक व डीएम के सामने कार्मिकों ने लिया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** जीआईसी ऑडिटोरियम में मतगणना कार्मिकों को द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक आरआर दामोर व जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने मतगणना कार्मिकों को संबोधित किया।

सामान्य प्रेक्षक दामोर ने मतगणना कार्मिकों से कहा कि सभी मतगणना कार्मिक निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतगणना सम्बन्धी कार्य करें। जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने कहा कि मतगणना के दौरान शत-प्रतिशत पारदर्शिता बरती जाए। उन्होंने बताया कि मतगणना में लगे एजेंट को सभी डेटा नोट कराते हुए मतगणना पूरी निष्पक्षता के साथ सम्पन्न कराएं।

कोई भी समस्या आने पर एआरओ को तुरन्त सूचित करें। मतगणना प्रक्रिया में लगे सभी अधिकारी और कर्मचारी समय से मतगणना केंद्र नवीन मंडी परिसर पर पहुंचें।

इस मौके पर सीडीओ अ. सुदन, जॉइंट मजिस्ट्रेट काव्या सी, एडीएम अरुण सिंह, एडीएम न्यायिक इंद्रसेन, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। मास्टर ट्रेनर आशीष पाठक द्वारा मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया।

### मोबाइल, कैलकुलेटर व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण मतगणना स्थल पर रहेंगे प्रतिबंधित : डीएम

**बाराबंकी : अमृत विचार :** सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने नवीन मंडी परिसर पहुंचकर मतगणना हेतु ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को सकुशल मतगणना सम्पन्न कराने के निर्देश हेतु हुए कहा कि मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, कैलकुलेटर, माचिस सहित अन्य प्रतिबन्धित वस्तुएं मतगणना स्थल पर ले जाना पूर्णत: माना है। सभी की विधिवत जांच करने के बाद ही उन्हें मतगणना स्थल पर जाने के लिये प्रवेश दें। सभी लोग सुबह समय से ड्यूटी पर पहुंचें जिससे मतगणना का कार्य समय से प्रारम्भ हो सके। ड्यूटी पर तैनात सभी अधिकारी, पुलिसकर्मी व जवान, चुनाव आयोग के दिशा निर्देशो का अनुपालन करते हुए सकुशल मतगणना कार्य को सम्पन्न कराए। पीने के लिये पानी, भोजन व स्वास्थ्य सम्बंधी समस्या के लिये मेडिकल टीम तैनात की गई है, जिससे किसी को स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या होने पर उसका त्वरित उपचार किया जा सके इसके लिये अस्थाई मेडिकल अस्पताल भी मतगणना स्थल पर बनाने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने अधिकारियों, पुलिस व जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी लोग अपनी ड्यूटी मुस्तैदी से करें। इसके अलावा जिला मजिस्ट्रेट ने मतगणना सम्बन्धी तैयारियों का जायजा लिया और सम्बंधित को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर सम्बंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

### एक नजर

#### युवक ने फंदा लगाकर दी जान, परिजनों में कोहराम

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** गाल्हामऊ गांव निवासी रतन वर्मा (20) पुत्र राम दुलारे वर्मा ने मकान के एक कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने जेब से एक सुसाइड नोट बरामद किया है। इसमें युवक ने मौत के लिए खुद को जिम्मेदार ठहराया है। वह शहर की एक कपड़े की दुकान पर कार्य करता था। प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया का कहना है कि घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है, जांच की जा रही है।

#### अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला घायल

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर एक 35 वर्षीया महिला सड़क पार कर रही थी। तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उसकी शिनाख्त नहीं हो पायी है।

#### रामाश्रम के बाहर भंडारे का आयोजन आज

**बाराबंकी, अमृत विचार :** ज्येष्ठ महीने के दूसरे बड़े मंगल पर आज राजकमल रोड पर स्थित रामाश्रम के बाहर भंडारे का आयोजन होगा। इसका आयोजन सत्यप्रेमी नगर निवासी राजीव श्रीवास्तव और पीयूष श्रीवास्तव द्वारा किया जाएगा। सुबह 10 बजे से भंडारे की शुरुआत होगी।

#### तमंचा के साथ गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** रामसनेही घाट पुलिस ने सोमवार को सफदरगंज के पलहरी निवासी अमन को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

# दिल्ली पहुंचेंगे तनुज या राजरानी, फैसला आज

### निर्णय आज

- डॉ. पीएल पुनिया 2007 में विस चुनाव हारे, 2009 में लोकसभा चुनाव में दर्ज की थी जीत
- तनुज पुनिया को मिल चुकी दो विधानसभा चुनाव और एक उपचुनाव में हार

नितिन श्रीवास्तव, बाराबंकी


तनुज पुनिया।


राजरानी रावत।

**अमृत विचार :** सपा से गठबंधन के बाद कांग्रेस के हिस्से में आई बाराबंकी लोकससभा सीट से पार्टी ने तनुज पुनिया पर पांचवीं बार भरोसा जताया। तनुज अब तक दो विधानसभा चुनाव, एक विधानसभा उपचुनाव और एक लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं। जिसमें उन्हें पराजय मिली। 2007 में हुए विधानसभा चुनाव में फतेहपुर से कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर पीएल पुनिया ने चुनाव लड़ा था। उस चुनाव में वह बसपा उम्मीदवार मीता गौतम से हार गये थे। इसके बाद 2009 के लोकसभा चुनाव में पीएल पुनिया बसपा के कमला प्रसाद रावत को शिकस्त देकर दिल्ली पहुंचे थे। ऐसे में क्या इस बार पिता व पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया की मंशा पूरी हो पाएगी या भाजपा की राजरानी रावत तनुज की राह में रोड़ा बनेंगी यह मंगलवार को मतगणना में तय हो जाएगा। भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत दूसरी बार लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं।

तनुज पुनिया दो विधानसभा चुनाव और एक उपचुनाव लड़े और हारे। 2017 में तनुज पुनिया जैदपुर से विधानसभा का चुनाव लड़े थे। पहली बार ही 81 हजार से अधिक वोट मिले। हार के बाद भी वह सक्रिय रहे। इसीलिए कांग्रेस नेतृत्व ने उन्हें 2019 के विधानसभा उपचुनाव के अलावा 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में फिर से जैदपुर सीट से उतारा। हालांकि दोनों बार तनुज को नाकामयाबी मिली। इसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने तनुज पुनिया को टिकट दिया। यह पांचवां मौका है जब कांग्रेस ने पीएल पुनिया पर भरोसा जताते हुए उनके पुत्र तनुज पुनिया को टिकट दिया है।

### इंडिया गठबंधन प्रत्याशी तनुज का राजनीतिक सफर

| चुनाव | नतीजा |
|---|---|
| 2017 जैदपुर विस चुनाव | हार |
| 2019 बाराबंकी लोस चुनाव | हार |
| 2019 जैदपुर विस उपचुनाव | हार |
| 2022 जैदपुर विस चुनाव | हार |

### राजरानी रावत का राजनीतिक सफर

- करीब ढाई दशक से राजनीति में सक्रिय
- डीडीसी से शुरू हुआ था सफर
- 1995 में निंदूरा प्रथम से चुनीं गईं जिला पंचायत सदस्य (डीडीसी)
- 1996 में फतेहपुर विधानसभा से पहली बार भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा, सपा प्रत्याशी से हारीं
- 2000 में निंदूरा तृतीय से दोबारा चुनीं गईं जिला पंचायत सदस्य
- 2002 में फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रूप में जीतीं
- 2007 में फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ीं और बसपा प्रत्याशी से हारीं
- 2014 में सपा प्रत्याशी के रूप में लोकसभा चुनाव लड़ीं, मिली शिकस्त
- अप्रैल 2019 में भाजपा में की घर वापसी
- 2021 में निंदूरा चतुर्थ से चुनी गईं डीडीसी सदस्य
- मौजूदा समय में बाराबंकी जिला पंचायत अध्यक्ष हैं राजरानी रावत

## पड़ोसियों ने महिला को पीटा, दो बंदी

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** दीवार तोड़कर सहन की जमीन में दरवाजा लगाने का विरोध करने पर एक महिला को पड़ोसियों ने पीट दिया और उसके घर पर पथराव किया जिससे उसका नवजात शिशु भी घायल हो गया। पुलिस ने चार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

दाऊदपुर की नीलम का आरोप है कि पड़ोसी उमेश कुमार, उसकी पत्नी व पुत्र के अलावा रोहित और सुनील अपनी दीवार तोड़ कर सहन की जमीन में दरवाजा लगाने की कोशिश कर रहे थे। विरोध किया तो विपक्षियों ने लाठी डंडों से पीट दिया।

# अब तक चुनी गयी हैं दो महिला सांसद

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार :** आजादी के बाद से अब तक जिले में दो महिला सांसद चुनी गयी हैं। मंगलवार को मतगणना के बाद पता चलेगा कि भाजपा प्रत्याशी चुनाव जीतकर तीसरी महिला सांसद बनते हुए जिले में भाजपा की हैट्रिक लगाएंगी या फिर गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया जीत दर्ज कर सबसे कम उम्र के सांसद बनने का तमगा हासिल करेंगे।

18वीं लोकसभा चुनाव के तहत 20 मई को मतदान हुआ था। इस चुनाव में पिछले चुनाव की तरह 13 प्रत्याशी भाग्य आजमा रहे हैं। मतगणना में किस प्रत्याशी के सिर पर जीत का सेहरा बंधेगा यह दोपहर तक मालूम हो जाएगा। प्रमुख दोनों दलों के प्रत्याशी भले ही अपनी-अपनी जीत का दावा ठोंक रहे हो लेकिन जिले के मतदाताओं ने किसे अपना आशीर्वाद दिया है यह सबके सामने होगा। वहीं अगर भाजपा प्रत्याशी राजरानी जीतीं तो आजादी के बाद से अब तक जिले की वह तीसरी महिला सांसद होंगी। इससे पहले 2014 में भाजपा की प्रियंका रावत ने रिकार्ड मतों से जीत हासिल की थी। पहली महिला सांसद सन् 1951 में कांग्रेस की गंगादेवी चुनी गयी थीं। वहीं दूसरी ओर कांटे की इस लड़ाई में गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया को अगर जीत मिलती है तो वह सबसे कम उम्र के सांसद बनकर दिल्ली पहुंचने वाले युवा चेहरा होंगे। 2009 के बाद से कांग्रेस से यह सीट भाजपा ने छीन ली थी। उस समय कांग्रेस के डॉ.पीएल पुनिया ने बसपा के कमला प्रसाद रावत को हराकर यह सीट जीती थी।

### केवल रामसागर रावत ने बनाई है हैट्रिक

भाजपा ने 2014 और 2019 लोकसभा चुनाव में जीत के बाद भी प्रत्याशी बदला है लेकिन रामसागर रावत ने 1989 में जनता दल, 1991 में जनता पार्टी और 1996 में समाजवादी पार्टी के टिकट पर लगातार तीन लोकसभा चुनाव जीत कर रिकार्ड बनाया है। इनके रिकार्ड को आज तक कोई तोड़ नहीं सका है। उन्होंने हर बार दल बदलकर चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। वहीं भाजपा प्रत्याशी की जीत होती है तो वह प्रत्याशी की नहीं, बल्कि पार्टी की लगातार तीसरी जीत होगी।

# दिव्यांगता बच्चों की पढ़ाई में नहीं बनेगी बाधा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए शासन ने दिव्यांग बच्चों के लिए बड़ी पहल की है। बच्चों की शारीरिक कमी उनकी शिक्षा की राह में बाधा नहीं बनेगी। अब उनके अभिभावकों को इसके लिए छह सौ रुपए प्रतिमाह के हिसाब से दस माह तक का भत्ता खाते में भेजा जायेगा। सत्तर प्रतिशत से अधिक दिव्यांग वाले बच्चे योजना के लिए पात्र माने जायेंगे। बच्चों को चिह्नित कर प्रेरणा पोर्टल पर डालकर मार्क कराया जा रहा है।

दिव्यांग बच्चों को शिक्षित करने के लिए शासन स्तर से लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। ऐसे बच्चों के लिए समेकित शिक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इस योजना के तहत अभी तक बच्चों को ट्राई साइकिल या अन्य उपकरण उपलब्ध कराये जाते रहे जिससे वह स्कूल आ-जा सकें। जिले में ऐसे तमाम बच्चे हैं जो स्वयं उपकरणों के सहारे विद्यालय आ-जा नहीं सकते । उनको स्कूल आने-जाने के लिए किसी न किसी सहारे की जरूरत पड़ती थी। बच्चों को उनके अभिभावकों को विद्यालय छोड़ने जाना पड़ता है। ऐसे में गरीब परिवारों के बच्चों को स्कूल पहुंचाने पर अतिरिक्त भार पड़ता था। शासन ने उनका यह भार उठाने का निर्णय लिया है। अब सरकार की तरफ से उनको प्रति वर्ष भत्ता दिया जाएगा। इसके लिए स्कार्ट योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत अभिभावकों को साल में छह हजार रुपए भत्ते के रूप में मिलेंगे।


स्कूल में पढ़ते बच्चे का सांकेतिक चित्र

> शासन से 6 से 14 साल तक के दिव्यांग बच्चों को स्कूल से जोड़ने के लिए स्कार्ट योजना चलाई है। 70 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले बच्चे योजना के लिए पात्र माने जायेंगे।
>
> -सुधा जायसवाल, डीसी समेकित शिक्षा।

### बनेगी सरकार

**कांग्रेस की केन्द्रीय चुनाव संचालन समिति के सदस्य ने किया दावा**

# गठबंधन 295 प्लस सीटें जीतेगा : पीएल पुनिया

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। 4 जून को सारे एग्जिट पोल झूठे साबित होंगे। इंडिया गठबंधन 295 प्लस सीटें जीतकर सरकार बनायेगा। 2024 का लोकसभा चुनाव जनता ने स्वयं लड़ा है।

ये बातें कांग्रेस की केन्द्रीय चुनाव संचालन समिति के सदस्य पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने सोमवार को अपने ओबरी आवास पर इंडिया गठबन्धन के नेताओं के साथ हुई प्रेस वार्ता में कहीं। पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुये पूर्व सांसद ने कहा कि जो भी एग्जिट पोल टीवी चैनलों पर दिखाये जा रहे हैं, वह सभी आधारहीन हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही संवैधानिक संस्थाओं की स्पष्टता बहाल की जाएगी।

रामनगर के विधायक फरीद महफूज किदवई ने कहा कि एग्जिट पोल के नतीजे झूठे हैं। विधायक सुरेश यादव ने कहा कि हमें हमारी जनता और अपनी मेहनत पर भरोसा है। विधायक गौरव रावत ने कहा कि बाराबंकी समाजवादियों का गढ़ है। पूर्व सांसद रामसागर रावत व पूर्व विधायक मीता गौतम ने कहा कि संसदीय क्षेत्र बाराबंकी में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया मजबूत स्थित में हैं। नगर पालिका परिषद नवाबगंज के चेयरमैन प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह वर्मा ने कहा कि बाराबंकी में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में आंधी चली है। गठबन्धन के कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया ने आभार जताया। प्रेस वार्ता में पूर्व सांसद रामसागर रावत, विधायक धर्मराज यादव उर्फ सुरेश यादव, सपा के जिलाध्यक्ष मो. हाफिज अयाज, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मो. मोहसिन आदि मौजूद रहे।


पत्रकारों से वार्ता करते डॉ. पीएल पुनिया। अमृत विचार

# अधर में लटका अन्नपूर्णा स्टोर का निर्माण कार्य

संवाददाता, कोठी, बाराबंकी

**अमृत विचार :** सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र के सेमरावां, मीरापुर, मंसारा व पश्चिमबेलाव में अन्नपूर्णा स्टोर का निर्माया कार्य अधर में लटक गया है। यहां पहले मनरेगा व पंचायत निधि के कन्वर्जन से करीब 15 लाख रुपए में भवन निर्माण होना था। फिर आदेश में फेरबदल कर पंचायत निधि से निर्माण कराने को कहा गया। इसके बाद से निर्माण कार्य अधर में लटक गया है।

इस पर डीपीआरओ कार्यालय से सहमति नहीं मिली। ये बातें संबंधित पंचायत सचिव ने बतायी हैं। उन्होंने बताया कि अन्नपूर्णा स्टोर के कार्य करीब आठ माह से अधूरे पड़े हुए हैं। सिवाय पड़रावां को छोड़कर। यहां प्रधान प्रतिनिधि कौशलेंद्र सिंह के प्रयास से फरवरी में स्टोर का उद्घाटन हो गया। उन्होंने बताया कि मनरेगा से निर्माण हुआ है। लेकिन अभी तक मजदूरी के सिवाय शेष भुगतान लंबित है। शेष चार पंचायत में अन्नपूर्णा स्टोर अधूरे पड़े हैं। मीरापुर सचिव सचिन अवस्थी ने बताया कि आदेश को लेकर संशय है। यही बात शेष पंचायत सचिव ने दोहराई है।

### सार-संक्षेप

#### पक्षियों को दाना-पानी देने की मुहिम चला रहे जेल अधीक्षक


जेल परिसर में पानी पिलाओ परिंदा बचाओ अभियान चलाते जेल अधीक्षक व जेलर।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मिट्टी के बर्तनों मे दाना पानी भर कर भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों की भूख प्यास मिटाने के लिए कारागार अधीक्षक कुन्दन सिंह ने गर्मी होते ही मुहिम की शुरू की थी। कारागार में चार दर्जन से अधिक स्थानों पर पक्षियों के पीने और दाने की व्यवस्था में उन्होंने निमदस संस्था का सहयोग लिया। सोमवार को भी कारागार परिसर में निमदस संस्था के प्रबंध निदेशक एसके वर्मा के सहयोग से जेलर आलोक शुक्ला ने सोमवार को एक दर्जन स्थानों पर मिट्टी के बर्तनों पर दाने पानी की व्यवस्था अधीक्षक कुन्दन सिंह की उपस्थिति में कराई। जेलर आलोक शुक्ला ने कहा इस मुहिम को जेल परिसर से आगे बढाते हुए जेल कर्मियों के आवास पर छांव की तलाश कर मिट्टी के बर्तन में जल भरवाने का काम किया जा रहा है। निमदस संस्था के प्रबंध निदेशक एसके वर्मा का कहना है कि संस्था का प्रयास है कि लोग इस मुहिम से जुड़ें।

#### समाजवाद के असली प्रहरी थे जॉर्ज फर्नांडिसः राजनाथ

**बाराबंकी, अमृत विचार :** गांधी जयंती समारोह ट्रस्ट की तरफ से सोमवार को पूर्व रक्षा मंत्री जार्ज फर्नांडिस की जयंती मनाई गयी। इस मौके पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए वक्ताओं ने उन्हें, मजलूमों और मजदूरों का मसीहा बताया। जॉर्ज फर्नांडिस के साथी रहे समाजवादी चिंतक राजनाथ शर्मा ने उन्हें समाजवाद का असली प्रहरी बताया। कहा कि वे मजदूरों के जीवन उत्थान के लिए हमेशा संघर्ष करते रहे। इस मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व विधायक सरवर अली खान, जिला सहकारी विकास समिति के पूर्व निदेशक शिवशंकर शुक्ला, विनय कुमार सिंह, मृत्युंजय शर्मा, सत्यवान वर्मा, अताउर्रहमान सज्जन, साकेत मौर्य, नीरज दूबे, अशोक जायसवाल, जमील उर रहमान, रामू वर्मा, विजय पाल गौतम, विनोद भारती आदि रहे।

#### परिणाम को लेकर गुणा-भाग लगाने में जुटे लोग

**फतेहपुर, बाराबंकी : अमृत विचार :** गली-कूचे और गांव-शहर हर तरफ लोकसभा चुनाव के परिणाम की चर्चा है। परिणाम आने में मात्र कुछ ही घंटे बचे हैं जिससे प्रमुख दलों के समर्थकों की धड़कनें तेज हो गयी हैं। सभी लोग गुणा-भाग लगाने में जुटे हैं। कुर्सी विधानसभा क्षेत्र इस बार सबसे अधिक 70 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। मतदान प्रतिशत बढ़ने से गणितज्ञों की अटकलें फेल हो गयी हैं। होटल, चौराहा, बाजार, गांव, गलियारों में लोग बस परिणाम का इन्तजार कर रहे हैं, मतपेटियां खुलने के बाद स्थिति साफ हो जाएगी।

#### खाते से निकल गए 67 हजार रुपये

**कोठी बाराबंकी, अमृत विचार :** एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड चालू करने का झांसा देकर जालसाज ने एक व्यक्ति के खाते से 67,864 रुपए निकाल लिये। पीड़ित ने कोठी व साइबर थाने में शिकायत दर्ज करवायी है। कोठी थाना क्षेत्र के मीरापुर गांव निवासी रईस हैदर का कहना है कि उसकी मेसर्स राज प्लंबर व आयरन स्टोर फर्म का एचडीएफसी बैंक शाखा हैदरगढ़ में खाता है। अप्रैल में उसे 70 हजार रुपये लिमिट का क्रेडिट कार्ड मिला। बैंक में जाकर अपडेट किया गया। लेकिन करीब एक सप्ताह बाद बीती 17 अप्रैल को कार्ड के संचालन के लिए अज्ञात नंबर से कॉल आई। उसने ओटीपी पूछी जो उसने बता दी। एक माह से ज्यादा समय के बाद एक जून को बैंक अकाउंट से 67 हजार 864 रुपए निकलने का मैसेज मिला।

#### एक सप्ताह में बंदरों के हमले में आधा दर्जन लोग जख्मी

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** बंदरों के हमले में एक सप्ताह में करीब आधा दर्जन से अधिक लोग जख्मी हो गए। जख्मी लोग जब पीएचसी त्रिलोकपुर गए तो पता चला कि यहां एंटी रैबीज इंजेक्शन उपलब्ध नहीं है। लोगों ने प्राइवेट अस्पताल व सीएचसी रामनगर जाकर इंजेक्शन लगवाए। इधर लगभग पखवाड़े भर से कस्बा त्रिलोकपुर में बंदरों ने उत्पाद मचा रखा था। बंदरों के काटने से लगभग आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए। यही नहीं आसपास के जंगलों में बड़ी संख्या में बंदरों के होने के कारण किसने की फसल भी बंदरों के उत्पात मचाने की वजह से नष्ट हो रही है। अब इन बंदरों ने त्रिलोकपुर कस्बे की ओर रुख कर लिया है। यहां आकर यह बंदर लोगों के मकान के छतों पर कपड़े को उठाकर फाड़ दे रहे हैं। लोगों की यह भी शिकायत है की छत के ऊपर लगी पानी की टंकी को भी यह बंदर तोड़ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बंदर घर के अंदर घुसकर खाने-पीने की चीज उठाकर ले जा रहे हैं। झुंड में कुछ बंदर पागल भी है जो लोगों को काट रहे हैं। आए दिन यह बच्चों महिलाओं व बुजुर्गों पर हमला कर उन्हें जख्मी कर दे रहे हैं। अंश यादव आराध्या उस्मान छोटू सिराज सहित कई लोगों को यह बंदर एक सप्ताह में काट चुके हैं।

## एक नजर

### इस सत्र में शुरू हो जायेगा छात्रावास

**अयोध्या। अमृत विचार :** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज तोरोमाफी दराबगंज बीकापुर में इस सत्र से छात्रावास का संचालन शुरू हो जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार आर्या ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा अभियान के तहत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के छात्रावास का निर्माण कराया गया था। इस सत्र से छात्रावास संचालन होने से बीकापुर क्षेत्र की बालिकाओं को काफी लाभ होगा।

### सियालदह एक्सप्रेस से गिर कर युवक की मौत

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** बाराबंकी-अयोध्या रेलखंड के पटरंगा थाना क्षेत्र की रेलवे क्रॉसिंग नगरा के किलोमीटर संख्या 1021 पर जौनपुर निवासी एक युवक की गिर कर मौत हो गई। पटरंगा एसओ ओम प्रकाश ने बताया कि मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त चंद्र प्रकाश पुत्र कृपा शंकर डींग निवासी वीरपालपुर थाना खुटहन जौनपुर के रूप में हुई है। जांच में पता चला है कि युवक सियालदह जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन से सुबह करीब सवा 10 बजे गिरा था। जिससे उसकी मौत हो गई है।

### पिलर से टकराई बाइक तीन लोग घायल




**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** कोतवाली के राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे लगे पिलर से बाइक टकरा गई। जिससे बाइक सवार ग्राम ऑसुमऊ निवासी विवेक यादव, शिवम यादव व समीर गम्भीर रूप घायल हो गए। तीनों को सीएचसी से डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर किया है।

# राम मंदिर में संगमरमर से बनेगा राम दरबार

**अक्टूबर तक बनकर तैयार हो जाएगा सप्त ऋषियों का मंदिर**

## 13 मंदिरों की मूर्तियां भी बनेंगी, बदली जाएगी 25 वर्ष पुरानी शेषावतार मंदिर की आधारशिला

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राममंदिर के प्रथम तल पर बनने वाले राम दरबार की मूर्तियां संगमरमर की बनेंगी। इसके साथ ही परकोटे में बनने वाले छह मंदिर और जन्मभूमि परिसर में शेषावतार, सप्त ऋषियों के मंदिरों के गर्भगृह में मूर्तियों के निर्माण की तैयारी भी शुरू हो गई है। इन मूर्तियों को भी संगमरमर की शिलाओं से बनाया जाएगा। जिसकी डिजाइन प्रसिद्ध चित्रकार वासुदेव कामत तैयार कर रहे हैं।

राम मंदिर पर प्रथम तल के बाद के निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। मंदिर के 800 मीटर की परिधि में बनाये जा रहे परकोटे में भी छह मंदिरों के निर्माण कार्य की समीक्षा प्रत्येक माह की जा रही है। मूर्तिकारों के साथ रविवार शाम भी मंथन किया गया था।



अयोध्या पहुंचे राम मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्रा।

बैठक से पूर्व सोमवार को निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेन्द्र मिश्रा ने कहा कि लक्ष्य है कि दिसंबर 2024 तक मंदिर पूर्ण होना है। मंदिर के निर्माण की समीक्षा की विशेष बैठक बहुत ही महत्वपूर्ण है। पहला निर्णय लिया गया है कि सप्त मंदिर को हम अक्टूबर माह तक पूरा करना चाहेंगे। वहीं दूसरा जो महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि 25 वर्ष पुराने शेषावतार मंदिर की पुरानी आधारशिला परीक्षण में उपयुक्त नहीं पाया गया। जिस पर निर्णय लिया गया की आधारशिला को नए सिरे से रखी जाए। साथ ही परिसर में ऑडिटोरियम के लिए जुलाई के प्रथम सप्ताह में फाउंडेशन का कार्य शुरू हो जाएगा। जिसे लगभग 12 महीने में पूर्ण कर लिया जाएगा। जहां भगवान राम से संबंधित सभी कार्यक्रम संपन्न किए जाएंगे। इसी जगह साधु संतों के लिए एक विश्रामालय का निर्माण भी किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सप्त मंडपम के लिए जयपुर से संगमरमर खरीदा जा रहा है। संभवत वहीं के शिल्पकार निर्माण भी करेंगे। वहीं परकोटा के छह मंदिर को भी पंचायतन के आधार पर संगमरमर से बनाया जाएगा, लेकिन जो भगवान शिव का मंदिर है वह संगमरमर का नहीं होगा। उसके लिए विचार किया जा रहा है। प्रथम तल पर विराजमान होने वाले राम दरबार की मूर्ति संगमरमर की होगी।

### टेक्नोलॉजी के जरिए दिखेगा राम मंदिर का इतिहास

सरयू तट स्थित अंतरराष्ट्रीय श्रीराम कथा संग्रहालय में म्यूजियम को टेक्नोलॉजी के जरिए दिखाये जाने का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि नए सिरे से गैलरी के निर्माण का कार्य नौ माह में पूर्ण कर करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके म्यूजियम में भगवान राम से सम्बंधित सभी वस्तुएं टेक्नोलॉजी से नई शैली में दिखाने का प्रयास किया जाएगा। वहां मंदिर की खुदाई में मिले अवशेषों को भी रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि संघर्षों के बाद मंदिर का निर्माण हुआ है। 500 वर्षों का जो संघर्ष रहा है उसे भी म्यूजियम के माध्यम से दिखाने का प्रयास होगा।

## श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर तेज किया जाएगा काम

**तीन शिफ्टों में हुई मंदिर निर्माण समिति की बैठक, हुए कई निर्णय**

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** राम मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के पहले दिन तीन शिफ्टों में हुई। इसमें श्रमिकों की संख्या बढ़कर काम तेज करने समेत कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र की अध्यक्षता में सुबह 9 :30 बजे से 11 बजे तक राम जन्मभूमि परिसर के निर्माणाधीन स्थल यात्री सुविधा केंद्र, सप्त ऋषि मंडपम और परकोटे के निर्माण को देखा। समय के अनुरूप कार्यों को पूरा करने के लिए निर्देशित किया गया। दूसरी शिफ्ट की बैठक राम जन्मभूमि परिसर में स्थित प्रशासनिक भवन में हुई। इसमें एलएंडटी ने प्रोजेक्टर के जरिए समयबद्ध तरीके से किए जाने वाले निर्माण कार्य की जानकारी दी। इस दौरान श्रमिकों की संख्या बढ़कर कार्य तेज किए जाने का निर्णय लिया गया। तीसरी शिफ्ट की बैठक अंतर्राष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय में हुई। जिसमें रामायण कालीन म्यूजियम को तैयार करने के मंथन में दिल्ली के म्यूजियम एक्सपर्ट भी शामिल हुए। अंतर्राष्ट्रीय श्री राम कथा संग्रहालय में बने म्यूजियम की संख्या को बढ़ाये जाने के साथ आधुनिक तकनीकी लैस किये जाने सहित विभिन्न बिंदुओं पर मंथन हुआ। मंदिर के आर्किटेक्ट आशीष सोनपुरा ने बताया कि शेषावतार मंदिर के निर्माण की डिजाइन फाइनल हो गयी है। इस मंदिर अब काम शुरू किया जाएगा। मंदिर की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नए फाउंडेशन लगाए जाने पर निर्णय लिया गया है। अन्य कार्य अपने समय के अनुसार चल रहे हैं।

# रामनगरी के आठ हजार मंदिरों के गर्भगृह में विराजमान हैं बजरंगबली

**दूसरा बड़ा मंगल आज, उमड़ेगा आस्था का सैलाब**

अयोध्या कार्यालय



**अमृत विचार :** रामनगरी के लगभग आठ हजार मंदिरों के गर्भगृह में भगवान के विभिन्न रूपों के साथ बजरंगबली भी विराजमान हैं। ज्येष्ठ माह के प्रत्येक मंगलवार को विशेष अनुष्ठान किया जाता है। धार्मिक मान्यताओं हैं कि अयोध्या में बजरंगबली राजा के रूप में विराजमान हैं। इसलिए मंदिरों के गर्भगृहों में लगने वाले सिंहासन पर उनका भी स्थान रखा जाता है।

ज्येष्ठ के दूसरे मंगलवार पर आज भी बड़ा उल्लास दिखाई देगा। मुख्य रूप से अयोध्या के सिद्धपीठ हनुमान गढ़ी और राम मंदिर में दर्शन पूजन के लिए बड़ी संख्या में दूर दराज से पहुंचे श्रद्धालु सरयू नदी में स्नान करने के बाद मठ मंदिरों में दर्शन पूजन के लिए रुख करेंगे। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित करने के लिए जगह-जगह भंडारे का भी आयोजन किया जा रहा है। मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि वर्तमान में बजरंगबली प्रत्यक्ष देवता के रूप में हैं। वह शिव के अवतार हैं। श्रीराम ने उन्हें हनुमानगढ़ी पर स्थान देते हुए राजा के रूप में विराजमान किया था। यह वरदान दिया था कि जब तक अयोध्या में मेरी कथा चलती रहेगी तब तक वहां पर विराजमान होकर भक्तों की रक्षा करते रहेंगे।

## लापता बालिका नहीं मिली गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज

**अयोध्या। अमृत विचार :** अयोध्या कोतवाली के नयाघाट क्षेत्र स्थित सरयू घाट से लापता हुई बालिका अभी नहीं मिली है। पीड़ित पिता ने पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई है। पूराकलंदर थाना क्षेत्र के ग्राम सरियावा के इच्छा तिवारी का पुरवा निवासी सनोज तिवारी का कहना है कि रविवार शाम पत्नी अपने भाई के साथ अयोध्या घूमने गई थी। शाम लगभग सात बजे परिवार के लोग नयाघाट क्षेत्र स्थित सरयू घाट पर सरयू में स्नान कर रहे थे, कि पांच वर्षीय पुत्री यीशू तिवारी कहीं लापता हो गई। काफी खोजबीन करने के बाद कोई पता न मिलने पर पुलिस को सूचित किया गया। अयोध्या पुलिस ने क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज को खंगालाया। परिवार के साथ बच्ची जाती तो दिखी है, लेकिन वापस लौटते हुए कहीं दिख नहीं रही। अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि तलाश कराई जा रही है।



लापता यीशू तिवारी

# दुष्कर्म के आरोपी को नहीं मिली जमानत

अयोध्या कार्यालय



**पीड़िता के खाते से निकाले थे 63 लाख रुपये**

**अमृत विचार :** दुष्कर्म करने और पीड़िता व उसकी बहन के खाते से 63 लाख 60000 रुपये निकाल लेने के आरोपी को कोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया। यह आदेश विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट शिवानी जायसवाल की अदालत से सोमवार को हुआ।

एससी एसटी एक्ट के विशेष लोक अभियोजक नरसिंह नारायण उपाध्याय ने बताया कि कैंट थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला एक शीतल पेय फैक्ट्री में काम करती है। उसके विभागाध्यक्ष श्रीकांत यादव ने 2 अक्टूबर 2019 को अपनी पत्नी की जन्मदिन पार्टी के बहाने से महिला को घर बुलाया और घर में पीने के पानी में कुछ मिलाकर पिला दिया। जिससे वह बेहोश हो गई। बेहोशी की हालत में श्रीकांत ने उसके साथ दुष्कर्म किया और अश्लील तस्वीरें खींच ली। होश में आने पर उसको धमकाया कि किसी से बताया तो अश्लील तस्वीरें पूरे शहर में पोस्टर बना कर लगा दूंगा। पीड़िता भयभीत हो गई। कुछ दिन बाद इसी फैक्ट्री में काम करने वाले श्रीकांत यादव के भतीजे शशिकांत यादव ने भी पीड़िता को अश्लील तस्वीरों के सहारे ब्लैकमेल करके उसके साथ दुष्कर्म किया। इस घटना के बाद तस्वीर वायरल करने की धमकी देते हुए वादिनी और उसकी जुड़वा बहन का एटीएम कार्ड जबरन लेकर 63 लाख 60000 रुपये भी निकाल लिए। यह रुपये पीड़िता और उसकी बहन को एयरपोर्ट में जमीन अधिग्रहित होने के आवज में मिले थे। 5 फरवरी 2024 को पीड़िता ने इसकी रिपोर्ट चाचा-भतीजे के खिलाफ लिखाई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने आरोपी शशिकांत यादव की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

# वोटों की गिनती आज, तैयारी पूरी

अयोध्या कार्यालय

**सीसीटीवी की नजर में होगी मतों की गिनती**

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में वोटों की गिनती आज राजकीय इंटर कॉलेज में सीसीटीवी की नजर में कराई जाएगी। मतगणना स्थल पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था होगी। स्थल पर कार्मिकों, राजनीतिक दलों के एजेंट, मीडियाकर्मियों के साथ अन्य लोगों के लिए नागरिक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा के तगड़े प्रबंध किए गए हैं।

**ईवीएम से गिनती के लिए 14 टेबल लगाई गई :** यहां फैजाबाद के चार अयोध्या, बीकापुर, मिल्कीपुर, रुदौली और अंबेडकरनगर लोकसभा क्षेत्र के गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र में पड़े वोटों की गिनती कराई जाएगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में ईवीएम से गिनती के लिए 14, वीवीपैड से गिनती के लिए एक और एआरओ के लिए एक टेबल लगाई गई है। मीडिया कवरेज के लिए मीडिया दीर्घा बनाई गई है।



जीआईसी में अधिकारियों से बातचीत करते जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार।

### डीएम ने लिया जायजा

जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने सोमवार को राजकीय इंटर कॉलेज में होने वाली मतगणना की प्रक्रिया के मद्देनजर तैयारियों का जायजा लिया। बताया कि मतगणना संबंधी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। लू के चलते कार्मिकों, राजनैतिक दलों के मतगणना एजेंटों और मीडिया के लोगों के लिए बेहतर छाया/पांडाल की व्यवस्था की गई है। शीतल पेयजल के लिए पर्याप्त संख्या में वाटर कूलर लगाए गए हैं। जरूरत के मुताबिक मोबाइल टॉयलेट लगाए गए हैं।

### ऐसे की जाएगी मतों की गिनती

मतगणना टेबल पर ईवीएम की कंट्रोल यूनिट आने के बाद मतगणना पर्यवेक्षक सीयू (कंट्रोल यूनिट) नंबर दिखाएगा। इससे साफ होगा कि सीयू उसी बूथ से संबंधित है। सीयू के साथ 17 सी भाग-एक में लिखे गए मतों को एजेंटों को बताया जाएगा। इसके बाद सीयू को चालू करके प्रत्याशी वार मतगणना परिणाम 17 सी भाग-दो पर अंकित किया जाएगा। 17 सी भाग दो पर मतगणना पर्यवेक्षक और काउंटिंग एजेंट के हस्ताक्षर के बाद एक प्रति फीडिंग के लिए ली जाएगी। दूसरी प्रति की छायाप्रति काउंटिंग एजेंट को दी जाएगी।

### विधानसभावार पांच-पांच बूथों के वीवी पैट से गिनती

प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के पांच-पांच बूथों पर पड़े वोटों का मिलान वीवी पैट के वोटों से किया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक विधानसभा के पांच-पांच बूथों के वीवी पैट के वोटों की गिनती की जाएगी। उसके बाद ईवीएम में पड़े वोटों से इसका मिलान किया जाएगा।



जीआईसी में मतगणना के लिए तैयार स्थल। अमृत विचार

### प्रेक्षक ने किया निरीक्षण

जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार और मतगणना प्रेक्षक पी आकाश ने सोमवार को राजकीय इंटर कॉलेज में स्थित फैजाबाद व अंबेडकरनगर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के तहत आने वाले विधानसभाओं के स्ट्रांग रूमों का निरीक्षण किया।

### मतों की गोपनीयता और रिकॉर्ड रहेंगे सुरक्षित

आयोग ने मतों की गोपनीयता और वोटों के रिकॉर्ड को अनुरक्षित रखने का निर्देश भी दिया है। मतों की गोपनीयता भंग किए जाने पर कार्रवाई भी हो सकती है।

### प्रवेश के लिए अलग-अलग द्वार

मतगणना एजेंट और मतगणना कार्मिकों को अलग-अलग प्रवेश द्वार से प्रवेश दिया जाएगा। मतगणना एजेंट जीआईसी के मुख्य द्वार (उत्तरी गेट) से मतगणना स्थल में प्रवेश करेंगे।

## अवध विवि परीक्षा : एक नकलची पकड़ा

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एनईपी स्नातक सम सेमेस्टर परीक्षा के तीसरे दिन सोमवार को तीन पालियों में 70061 परीक्षार्थियों में से 1238 अनुपस्थित रहे। वहीं प्रथम पाली में सघन तलाशी अभियान में सचलदल ने एक परीक्षार्थी को अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए पकड़ा। मीडिया प्रभारी डॉ विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि प्रथम पाली में 12920, द्वितीय पाली में 28159 व तृतीय पाली में 28982 परीक्षार्थियों के सापेक्ष क्रमशः 122, 431 व 685 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वही प्रथम पाली में एक परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए धरा गया। इस पर परीक्षा नियमानुसार कार्यवाही की गई।

# नौतपा में बढ़ गया 125 मेगावाट लोड

- नौ दिनों में खर्च हो गई 20 लाख यूनिट से अधिक बिजली
- अगले 10 दिनों में 30 लाख के खर्च होने का अनुमान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** नौतपा के नौ दिनों में 125 मेगावाट लोड अधिक बढ़ गया। तपिश में ट्रांसफार्मर हीट होकर जल रहे हैं। तपिश और भीषण गर्मी में ओवरलोड के कारण आए दिन कही केबल जल रहा है तो कहीं ट्रांसफार्मर जवाब दे रहे हैं। खामियाजा लोगों भुगतना पडा।

25 मई से शुरू हुए नौतपा ने जनमानस को बेहाल कर दिया। नौतपा से एक दिन पहले तक जिले भर में 230 मेगावाट की खपत थी। जो नौतपा के बाद लगभग 350 मेगावाट हो गई। इस तरह से करीब 125 मेगावाट का अधिक लोड बढ़ गया। इतना ही नहीं सामान्य रूप से 12 से 15 लाख यूनिट बिजली की जगह नौ दिनों में 20 लाख यूनिट बिजली खर्च हो गई है। इसके आने वाले 10 दिनों में 30 लाख यूनिट तक बढ़ने की आशंका है। लोड बढ़ने की वजह से ही समस्या उत्पन्न हुई। व्यवस्थाओं को दुरूस्त कराने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। बताया कि इन नौ दिनों में जिले भर में रात और दिन मिला कर रोजाना आठ से 10 घंटे की आपात कटौती और रोसटिंग की गई।



चौक विद्युत उपकेंद्र पर लगे ट्रांसफार्मर। अमृत विचार

> बिजली आपूर्ति शीघ्र ही सुचारू हो जाएगी। अभी गर्मी का प्रकोप है। इसलिए खपत और लोड अतिरिक्त पहुंच गया है। लोगों से अनुरोध है कि बिजली का प्रयोग न्यूनतम करें। - **प्रदीप कुमार वर्मा, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खंड प्रथम।**

### नहीं थमी कटौती, बिजली संकट बरकरार

जिले में भीषण गर्मी शुरू होते ही अघोषित बिजली कटौती शुरू हो गई। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में अंधाधुंध कटौती का दंश लोगों को झेलना पड़ रहा है। ओवरलोड, फाल्ट व लो-वोल्टेज के चलते लोग परेशान हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में तो बमुश्किल छह से सात घंटे ही बिजली मिल रही है। खपत बढ़ने से फीडरों का लोड बढ़ गया है। जिन उपकेंद्रों पर भार अधिक है, वहां पर कटौती के साथ ट्रिपिंग की समस्या अधिक है। रात में बिजली की चोरी से लाइन लॉस भी बढ़ रहा है।

# दो फिजीशियन जाने को तैयार

**जिला अस्पताल का मामला**

**एक ने की इस्तीफे की पेशकश, दूसरे ने डाला वीआरएस**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में एक तरफ जिला अस्पताल में मरीजों की बाढ़ आ गई है तो दूसरी तरफ दो फिजीशियन अस्पताल छोड़कर जाने को तैयार हैं। एक ने अपना इस्तीफा सौंप दिया है तो दूसरे ने वीआरएस के लिए आवेदन किया है। दोनों चिकित्सकों के चले जाने की खबर फैलते ही अस्पताल में खलबली मच गई है। दोनों के जाने से अस्पताल में एक बार फिर से फिजिशियन का संकट हो जाएगा।

जिला अस्पताल में स्वीकृत 46 पदों में से आधे चिकित्सक ही काम कर रहे हैं, जिसमें फिजीशियन के पद पर डॉ. अरुण प्रकाश श्रीवास्तव, डॉ. नानक सरन, डॉ. प्रशांत कुमार, डॉ. अभिनव चौधरी शामिल हैं। हाल ही में कथित चिकित्सक विनोद सिंह ने इस्तीफा दे दिया था। उनके मामले में अभी कोई रिपोर्ट भी नहीं आई थी कि अब पूर्व सीएमएस व फिजीशियन डॉ. अरुण प्रकाश ने वीआरएस के लिए अप्लाई कर दिया है। इसके साथ ही चेस्ट फिजीशियन डॉ. अभिनव चौधरी ने भी इस्तीफा भेजा है। सीएमएस डॉ. उत्तम कुमार ने बताया कि अभिनव चौधरी ने इससे पहले भी इस्तीफा दिया था। हालांकि इस बार अभी उनका इस्तीफा मंजूर नहीं हुआ है।



### आने वाले दिनों में बढ़ेगी परेशानी

डॉ. उत्तम कुमार ने बताया कि जिला अस्पताल में सबसे अधिक मरीज जनरल फिजीशियन के पास ही पहुंचते हैं। प्रतिदिन 400 से 500 के बीच मरीजों की ओपीडी होती है, लेकिन दोनों चिकित्सकों के चले जाने से ओपीडी प्रभावित हो सकती है। सबसे अधिक परेशानी कॉल-डे को लेकर आएगी। इसके लिए शासन से पत्राचार किया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### निष्पक्ष व पारदर्शी मतगणना कराए प्रशासन : अवधेश

**अयोध्या, अमृत विचार।** इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने कहा कि लोकसभा चुनाव को अपने हाथ में लेकर क्षेत्र की जनता ने मतदान के दिन ही उनको सांसद होने का प्रमाण पत्र दे दिया है। प्रशासन ने जिस तरह से मतदान कराया है,उसी तरह जनादेश के सम्मान में निष्पक्ष व पारदर्शी मतगणना कराए। एग्जिट पोल पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व में 2012 के यूपी विधानसभा चुनाव और पश्चिम बंगाल के चुनाव में एग्जिट पोल झूठे साबित हो चुके हैं। वह सोमवार को सिविल लाइंस स्थित एक होटल में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। दावा किया कि गठबंधन 295 से ज्यादा सीटें लेकर सरकार बनाने जा रही है। सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव व पूर्व मंत्री तेजनरायन पांडेय पवन ने कहा कि जनता ने गठबंधन प्रत्याशी को अपना आशीर्वाद दिया है।

### छह को किसान महापंचायत

**अयोध्या। अमृत विचार :** छह जून को जिला मुख्यालय पर किसान महापंचायत का आयोजन होगा। इसको लेकर सोमवार को बीकापुर में बैठक की गई। भाकियू के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि भयंकर गर्मी में भी बहुत कम बिजली बकाएदारों का भी घरेलू कनेक्शन काटे जा रहे हैं। बिल जमा करने के बाद भी कनेक्शन जोड़ने के लिए हीलाहवाली की जा रही है। अधिकारी फोन नहीं उठा रहे है। ऐसी दिक्कतों के खिलाफ महापंचायत का आयोजन होगा। बैठक में जिला सचिव राम गोपाल मौर्य, तिलक राम गुप्ता, शेषमणि तिवारी, अन्त राम निषाद, रामदास निषाद, जितेंद्र, अखिलेश, रविंद्र कुमार, पूर्व सभासद मोहम्मद सादिक आदि मौजूद रहे।

### दो युवकों को डूबने से बचाया

**अयोध्या,अमृत विचार।** अयोध्या कोतवाली के नया घाट क्षेत्र स्थित संत तुलसीदास घाट पर सोमवार को सरयू स्नान के दौरान दो श्रद्धालु हादसे का शिकार हो गए। जल बैरिकेडिंग के पार जाकर स्नान करने के दौरान दोनों सरयू के गहरे जल में चले गए और डूबने लगे। जल पुलिस प्रभारी रूबे प्रताप मौर्य ने बताया कि जानकारी पर टीम ने दोनों को सकुशल बाहर निकाला है। इन्होने अपना नाम पता हर्ष जायसवाल पुत्र उमेश जायसवाल निवासी बोइसर, मुंबई व शुभम गुप्ता पुत्र मनोज कुमार गुप्ता निवासी अंधेरी मुंबई बताया है।

### कैसे बुझेगी प्यास, इंडिया मार्का हैंडपंप ही खराब



लक्ष्मीदासपुर में खराब पड़ा इण्डिया मार्का टू हैण्ड पम्प।

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** भीषण गर्मी और उमस में भी कई ग्राम पंचायतों में इंडिया मार्का हैंडपंप खराब पड़े हैं। जिसके चलते ग्रामीणों को स्वच्छ जल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। राजस्व गांव लक्ष्मीदासपुर में सोनू दूबे अंकित, कृष्ण प्रसाद मौर्य, अमित मौर्या के घर के पास लगा इंडिया मार्का टू हैंड पम्प खराब है। लोगों ने बताया कि छह माह से नल खराब है। ग्राम प्रधान से कई बार कहा गया और ब्लॉक के अधिकारियों को सूचित किया गया है लेकिन अभी तक ठीक नहीं हो सका। एडीओ पंचायत धनजीत ने बताया कि इंडिया मार्का टू हैंडपंप ठीक कराया जाएगा। ब्लॉक में कुल 3131 इण्डिया मार्का टू हैंडपम्प लगे हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में आठ ठीक कराए गए।

**स्वास्थ्य व्यवस्था** — जिला चिकित्सालय में 89 लाख की लागत से बनी आईपीएचएल में शुरू हुई जांच

# 24 घंटे खून जांच की सुविधा, उसी दिन मिलेगी रिपोर्ट

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में अब मरीजों को रात में जांच के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। अस्पताल परिसर में ही खून की जांचें 24 घंटे होंगी। यही नहीं उसी दिन उन्हें रिपोर्ट भी मिल जाया करेगी। इसके लिए क्षेत्रीय निदान केंद्र में इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब (आईपीएचएल) में जांच की सुविधा शुरू हो गई है।

जिला अस्पताल स्थित क्षेत्रीय निदान केंद्र में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत 89 लाख रुपये की लागत से आईपीएचएल का निर्माण कराया गया है। फरवरी माह में इसमें जांच की सुविधा शुरू करा दी गई, लेकिन स्टाफ की कमी होने के कारण जांचें सिर्फ ओपीडी के टाइम ही हुआ करती थीं। ऐसे में मरीजों को सैंपल देने के बाद अगले दिन रिपोर्ट के लिए बुलाया जाता था। इससे दूर-दराज से आने वाले मरीजों को काफी परेशानी होती थी। इसके बाद जांच के समय शाम छह बजे तक के लिए बढ़ा दिया गया। तब भी जांच रिपोर्ट के लिए दूसरे दिन का इंतजार करना पड़ता था।




जिला अस्पताल स्थित लैब। अमृत विचार

### पहले महिला अस्पताल के भवन में चलती थी लैब

कई वर्षों तक महिला अस्पताल स्थित क्षेत्रीय निदान केंद्र के भवन में जांचें हुआ करती थीं। उस दौरान सिर्फ 11 बजे तक ही सैंपल लिए जाते थे। जगह छोटी होने के कारण कई बार मरीजों की लंबी-लंबी लाइनें लग जाती थीं। इसी झंझट से छुटकारे के लिए आईपीएचएल का निर्माण कराया गया।

### 118 प्रकार की जांचों का दावा

लैब में संचारी व गैर संचारी रोगों की करीब 118 प्रकार की जांच करने का दावा किया जा रहा है। इनमें टोटल ल्यूकोसाइट काउंट, पेरिफेरल ब्लड फिल्म, डी-डाइमर, एचपीसीएल, यूरिन माइक्रोस्कोपी, सीमेन एनालिसिस, सीडी-4/सीडी-8, एफएनएसी, पैप स्मियर, सीएसएफ आदि शामिल हैं।

> लैब में 24 घंटे की जांच शुरू होने के बाद रिपोर्ट भी उसी दिन मिल जाया करेगी। मोबाइल पर भी रिपोर्ट भेजने की सुविधा है। सीटी स्कैन मशीन से जांचें 24 घंटे हुआ करती थीं। अब अस्पताल और भी सुविधाजनक बन गया है। - **डॉ. उत्तम कुमार, सीएमएस**

## मतगणना : कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

**अयोध्या। अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में मतगणना के लिए सोमवार को रेंडमाइजेशन के जरिए मतगणना कार्मिकों की डयूटी लगा दी गई। यह दूसरा रेंडमाइजेशन था। मतगणना कार्मिकों को विधानसभा क्षेत्र के मतगणना टेबल की जानकारी मंगलवार सुबह मतगणना स्थल पर दी जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार की मौजूदगी में विकासभवन स्थित एनआईसी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में मतगणना कार्मिकों का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। इस अवसर पर विधानसभा अयोध्या, मिल्कीपुर व रुदौली के मतगणना प्रेक्षक पी आकाश, विधानसभा बीकापुर व गोसाईंगंज के मतगणना प्रेक्षक साहिन अली खान, मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी मतगणना कार्मिक ऋषिराज, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट स्वाति शर्मा, डीआईओ एनआईसी आदि मौजूद रहे।

# किसके सिर बंधेगा ताज, होगा फैसला आज

## लोकसभा चुनाव : मंडी परिषद में सुबह 8 बजे से शुरू होगी मतगणना, करीब 30 राउंड में होगी मतों की गिनती

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार :** प्रतिष्ठापूर्ण लोकसभा सीट सुलतानपुर का चुनाव परिणाम मंगलवार को मतगणना के बाद आएगा। इसके बाद तय होगा कि जीत का सेहरा किसके सिर बंधेगा। भाजपा प्रत्याशी मेनका संजय गांधी और इंडी गठबंधन से सपा प्रत्याशी रामभुआल निषाद के बीच सीधी टक्कर मानी जा रही है। हालांकि, बसपा प्रत्याशी उदराज वर्मा लड़ाई को त्रिकोणीय बनाने का दावा कर रहे हैं।

नवीन मण्डी परिषद स्थित मतगणना स्थल पर मंगलवार को सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू होगी। इसके लिए कार्मिकों को सुबह 6 बजे ही बुलाया गया है। पांचों विधानसभा की अलग-अलग हाल में काउंटिंग होगी। विधानसभावार 14-14 टेबल लगाए गए हैं। वहीं, पोस्टल बैलेट के लिए व ईटीबीपीएस के लिए 25 टेबल आरओ हाल में लगाए गए हैं। इनकी गिनती ईवीएम से पहले की जाएगी। प्रशासन की मानें तो करीब 30 राउंड तक मतगणना चलेगा। रूझान तो काउंटिंग के एक घंटे बाद ही आने लगेंगे, परिणाम भी दो बजे तक आ सकते हैं। मण्डी समिति में बने जिला निगरानी सेंटर से मीडिया को चक्रवार जानकारी दी जाएगी। विजय जुलूस निकालने पर प्रतिबंध लगाया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के हिसाब से बिना जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुमति के कोई भी अधिकारी एवं कार्मिक अनावश्यक रूप से फोटो/वीडियो नहीं बना पाएगा। डीएम ने कहा कि सभी को पहले से अवगत करा दिया जाए कि मोबाइल, आईपैड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस/गैजेट्स तथा माचिस, हथियार एवं अन्य ज्वलनशील पदार्थ भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी गाइडलाइन में प्रतिबंधित किए गए हैं। प्रत्येक एंट्री प्वाइंट पर इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस/ गैजेट्स जमा करने के लिए स्थान का तय किया गया। सभी वहां पर जमा करने के पश्चात ही प्रवेश करें।


मतगणना स्थल का प्रशासनिक टीम के साथ निरीक्षण करतीं डीएम कृतिका ज्योत्स्ना।

### 447 कार्मिक कराएंगे मतगणना

मतगणना को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष कराने के लिए प्रशासनिक स्तर पर कई दिनों से कसरत की जा रही है। कुल 447 कार्मिक लोकसभा चुनाव की मतगणना 95 टेबल पर कराएंगे। इन्हें पहले ही ट्रेनिंग दी जा चुकी है। सबसे पहले ईटीबीपीएस के वोट की काउंटिंग 15 कार्मिक कराएंगे। इसके बाद पोस्टल बैलेट के मतों की गणना 52 कार्मिक कराएंगे। फिर 380 कार्मिक ईवीएम में पड़े वोटों की गिनती के लिए जिम्मेदार बनाए गए हैं। जल्दी रूझान मिलने के लिए मतगणना के लिए अलग-अलग कार्मिकों को लगाया गया है।

> मतगणना की सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कार्मिकों को प्रशिक्षित किया गया है। राजनीतिक पार्टियों के साथ बैठक कर उन्हें जरूरी जानकारी दी गई है। रूट डायवर्ट किया गया है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। किसी तरह का विजय जुलूस निकालने पर प्रतिबंध रहेगा। ओआरएस, पानी आदि की व्यवस्था के साथ मेडिकल टीम तैनात रहेगी।
>
> – कृतिका ज्योत्स्ना, डीएम सुलतानपुर

## एक नजर

### माननीयों के केस में नहीं हो सकी सुनवाई

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में माननीयों के खिलाफ प्रचलित केस में सोमवार को सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट ने पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह के केस में सुनवाई के लिए 6 जून की तारीख नियत की है। वहीं, पूर्व मंत्री ओपी सिंह के केस में सुनवाई के लिए 13 जून की तारीख नियत की गई है।

### आरोपी को कोर्ट से राहत मिली अग्रिम जमानत

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बैनामा व पट्टे कराने की एवज में लाखों रुपये हड़पने के मामले में हलियापुर थानाक्षेत्र के कांपा निवासी आरोपी शिववरदान पांडेय की अग्रिम जमानत जिला जज जेपी पांडेय ने मंजूर कर गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। आरोपी के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया कि कथित घटना पेशबंदी में दर्ज कराई गई थी। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष को सुनने के बाद आरोपी की अग्रिम जमानत मंजूर की है।

## शाम को घर से निकले युवक का सुबह मिला शव

**अखंडनगर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** सोमवार की सुबह स्थानीय थाना क्षेत्र से होकर गुजरी पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के सजमपुर गांव के समीप अंडरपास के नीचे एक युवक का शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंचे बेलवाई चौकी इंचार्ज कृष्णपाल सिंह युवक के शव को कब्जे में लेते हुए शिनाख्त शुरू की। इस दौरान मृतक की शिनाख्त खानपुर कलां निवासी फिरतू राजभर के 28 वर्षीय पुत्र अनिल कुमार के रूप में हुई। सूचना पर पहुंचे मृतक के परिजनों की मौजूदगी में पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अखंडनगर थाना प्रभारी नारद मुनि सिंह ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।


अनिल कुमार

# तीन सगे भाइयों सहित चार दोषियों को तीन साल कैद

## पांच हजार अर्थदंड भी लगाया, क्रॉस केस के सभी आरोपी बरी

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार :** कुड़वार थाना क्षेत्र के धरावां में प्राणघातक चोट पहुंचाने वाले तीन सगे भाइयों समेत चार दोषियों को न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर ने सोमवार को तीन साल कैद व पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। घटना 16 साल पहले कुड़वार थाने के धरावां गांव में हुई थी। वही इस मामले के क्रॉस केस में सारे आरोपित बरी कर दिए गए है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता विजय शंकर शुक्ल ने बताया कि 18 जुलाई 2008 को सुबह आठ बजे रसीद अहमद अपने बेटों के साथ खेत में घास निकाल रहे थे।

▸▸ कुड़वार के धरावां गांव में 16 साल पहले हुई थी घटना

उसी गांव के एजाज अहमद, उनके भाई कफील व सुहेल तथा ममेरे भाई जमील ने लाठी व कुदाल से सबको मारा। जिससे रसीद, हफीज, अनीस व इश्तियाक को चोट लगी। गंभीर रूप से घायल इश्तियाक को सीधे कुड़वार अस्पताल ले जाया गया। जहां से पहले जिला अस्पताल फिर मेडिकल कॉलेज में इलाज हुआ। पुलिस ने रसीद के प्रार्थना पत्र पर एनसीआर लिखा और तीन दिन बाद जमील की तरफ से भी रसीद व उनके बेटों मुन्ना, अनीस व इश्तियाक के विरुद्ध एनसीआर लिख ली। मेडिकल कॉलेज में हुए इलाज के आधार पर एसपी के आदेश से रसीद के मुकदमे में प्राणघातक चोटों की धारा बढ़ाई गई, लेकिन दोनों मामलों में विवेचक ने हल्की धारा में आरोप पत्र न्यायालय भेज दिया। अभियोगी के निजी अधिवक्ता जीतेन्द्र श्रीवास्तव ने आपत्ति किया तो मजिस्ट्रेट ने प्राणघातक धाराओं में संज्ञान लिया जो उच्च न्यायालय तक सही ठहराया गया। मुकदमा चला तो अभियोजन की ओर से सात गवाह परीक्षित कराये गए। दोनों पक्ष की बहस सुनने व पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने एजाज कफील सुहेल व जमील को दोषी ठहराया और उच्च न्यायालय में अपील दायर करने तक जमानत पर रिहा कर दिया है।

## गोमती में उतराता मिला वृद्ध का शव

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** कुड़वार थाना क्षेत्र के भण्डरा परशुरामपुर के लाला का पुरवा निवासी रामशंकर तिवारी (85) सोमवार सुबह घर से निकले थे। जब वह काफी देर तक वापस घर नहीं लौटे, तब परिजनों ने खोजबीन शुरू की। बताया जा रहा है कि अक्सर वह सुबह नीर सहिया गांव के पास स्थित बाग में चले जाते थे। परिजन द्वारा गुमशुदगी की सूचना पुलिस को भी दी गयी। दोपहर बाद वृद्ध का शव नीर सहिया गांव के निकट गोमती नदी में पाया गया। मृतक के नाती ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि बाबा शौच के लिए गोमती नदी की तरफ गए थे। शायद पैर फिसलने से नदी में चले गए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# मुख्यालय बदलने से नाराज रेल कर्मियों का प्रदर्शन

## रेलवे मजदूर यूनियन व लोको रनिंग स्टाफ का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार :** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर लोको लाबी के सामने उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन व लोको रनिंग स्टाफ का अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू हुआ। सुलतानपुर रेलवे स्टेशन लिंक से लोको पायलट की ड्यूटी मेल, पैसेंजर व मालगाड़ी पर लगाई जाती थी। आरोप है कि अब नए लिंक से सुलतानपुर रेलवे स्टेशन से लोको पायलट कार्यालय बंद किया जा रहा।

साथ ही अब लोको पायलट की ड्यूटी वाराणसी व लखनऊ से लगाई जाएगी। जिससे उन लोगों का तबादला वाराणसी या लखनऊ कर दिया जायेगा। वहीं, कुछ लोको पायलट का यह भी कहना है कि उनकी सर्विस में मात्र साल से डेढ़ साल का समय बचा है। बताते चलें कि पहले लोको पायलट की तैनाती माल गाड़ी पर बाद में पैसेंजर ट्रेन, सर्विस के अंत समय में मेल पर होती है। धरना प्रदर्शन उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन के शाखा मंत्री पंकज दूबे की अध्यक्षता में चल रहा है। धरना प्रदर्शन में लोको पायलट रनिंग स्टाफ के शाखा मंत्री एबी पांडेय, तुलसी राम यादव, एससी एसटी एसोसियन के शाखा मंत्री अमृत लाल, संगठन सचिव इंद्रजीत कुमार, शाखा मंत्री पवन यादव, वरुण यादव, रजनीश मिश्र, के के सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में रेल कर्मी मौजूद रहे।


रेलवे स्टेशन पर लोको लॉबी के सामने धरना देते अधिकारी व कर्मचारी। अमृत विचार

# रिक्शा चालक को नशीला पदार्थ खिलाकर लूटा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार :** कोतवाली देहात के पूरनपुर नहर किनारे सुबह एक ई-रिक्शा चालक बेहोशी की हालत में मिला। जिसकी पहचान के बाद पहुंचे परिजनों ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। परिजनों का आरोप है कि रविवार की रात अज्ञात बदमाशों ने ई-रिक्शा चालक को नशीला पदार्थ खिलाकर ई-रिक्शा सहित मोबाइल और दिहाड़ी कमाई भी लूट ली।

कोतवाली देहात के सेमरी पुरुषोत्तमपुर शुकुलपुर निवासी दरगाही (52) गांव के ही मगन का ई-रिक्शा किराए पर लेकर दिहाड़ी कमाई करता है। रविवार की देर शाम दरगाही ई-रिक्शा लेकर अपनी रिश्तेदारी नरायनपुर बिसानी गया था। वहां से देर रात वह घर लौट रहा था। बालमपुर के पूरनपुर के पास उसको कुछ लोग मिले, जो नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोशी की हालत में नहर पटरी पर फेंक दिए। बदमाशों ने ई-रिक्शा तथा चालक का मोबाइल व नकदी लेकर भाग निकले। रात भर दरगाही घर नहीं पहुंचा तो परिजन उसकी खोज मे सुबह निकले पूरनपुर नहर की पटरी पर किसी के मिलने की सूचना पर परिजन पहुंचे और ई-रिक्शा चालक की पहचान दरगाही के रूप में कर उनको जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। देहात कोतवाल सतेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर जांच व कार्रवाई की जाएगी।

▸▸ बेहोशी की हालत में मिला ई-रिक्शा चालक


कोतवाली देहात क्षेत्र में काटे जा रहे हरे पेड़। अमृत विचार

### कोतवाली देहात में हरे पेड़ों की कटान तेज

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** एक तरफ जहां पेड़ों की कटान से तापमान 46 डिग्री पार हो गया है। वहीं बिना इसकी परवाह के जनपद के नजदीक स्थित कोतवाली देहात में हरे पेड़ों पर आरा चल रहा है। थाने के बगल गोलवारा सराय अचल में सोमवार को हरे महुए के पेड़ को दर्जन भर मजदूरों ने मशीन का आरा चलाकर काट डाले। चाचपारा गौतमपुर गांव में हरे आम के पांच पेड़ काट डाले गये। शिकायत पर पहुंचे स्थानीय वन कर्मी मामले को रफा दफा करने में जुटे हैं। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की है। पूर्व विधायक शिवनारायण मिश्र ने गर्मी में पेड़ कटान की शिकायत डीएफओ व कमिश्नर से शिकायत की है। क्षेत्रीय वन अधिकारी अतुल सिंह कहते हैं कि मैं मौके पर जा रहा हूं। जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है।

# गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज

चांदा, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में रविवार देर शाम ईंट से कूचकर युवक की निर्मम हत्या के सनसनीखेज वारदात के बाद चांदा पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मुक़दमा दर्ज करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। सोमवार देर शाम शव जब रामपुर पहुंचा तो गांव का माहौल गमगीन हो गया।

रविवार को जनता इंटर कॉलेज के समीप मामूली बात पर गांव के अभी उर्फ सचिन यादव ने दिनेश यादव (26) की ईंट से कूच कर लहूलुहान कर दिया। घटना की सूचना दिनेश यादव के परिजनों को हुई तो आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा ले गए। जहां चिकित्सकों ने जिला रेफर कर दिया। रास्ते में ही दिनेश की मौत हो गई। सोमवार सुबह चांदा पुलिस ने शव का पंचनामा करते हुए जिला मुख्यालय पर अंत परीक्षण के लिए भेज दिया। देर शाम दिनेश का शव जब गांव पहुंचा तो गांव में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी पिंकी और दो बच्चे पायल और रॉबिन सहित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

### पुलिस पर आरोपी की मदद का आरोप

मृतक दिनेश के पिता छेदीलाल यादव ने बताया कि हत्या के मामले को गैर इरादतन हत्या दर्ज करके पुलिस आरोपियों की मदद कर रही है। बहू से जबरन तहरीर बदलवाई गई है। थाना अध्यक्ष चांदा रविंद्र सिंह ने बताया कि प्राथमिकी गैर इरादतन हत्या का जरूर दर्ज किया गया है। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर धाराओं को परिवर्तित कर दिया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**अखण्डनगर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र के ताजुद्दीनपुर निवासी विजय कुमार 1 जून को बारात से लौटते समय सड़क हादसे में घायल हो गए थे। परिजन विजय कुमार को लखनऊ ले गए थे, जहां राविवार की रात विजय की मौत हो गई। मृतक के चचेरे भाई राज नारायण ने थाने पर तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी नारद मुनि सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

### फेयर इन्वेस्टिगेशन की रिट याचिका पर सुनवाई आज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** विजय नारायण सिंह हत्याकांड के मामले में पुलिस की निष्पक्ष जांच के लिए हाईकोर्ट में दाखिल रिट याचिका पर सुनवाई मंगलवार को होगी। बीती 7 अप्रैल को दरियापुर तिराहे पर विजय नारायण सिंह की गोली मारकर नृशंस हत्या के मामले में सतीश नारायण सिंह ने हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल की है। आरोप है कि मामले में सह आरोपियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। निष्पक्ष जांच की न्याय की मांग के लिए दाखिल रिट याचिका की सुनवाई के लिए हाईकोर्ट ने मंगलवार की तारीख नियत की है। उधर, पीड़ित परिवार ने बार अध्यक्ष सुलतानपुर को भी त्वरित कार्रवाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है।

### पुलिस का रिमांड प्रार्थना पत्र निरस्त

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** किशोरी को बरामद करने के लिए आरोपित को अभिरक्षा में लेने के लिए पुलिस द्वारा दिया गया प्रार्थना पत्र मजिस्ट्रेट अविनाश चंद्र गौतम ने निरस्त कर दिया। अमेठी में जगदीशपुर कोतवाली के एक गांव की बालिका 5 अप्रैल 24 की रात लापता हो गई। शक के आधार पर पुलिस ने नामजद आरोपी नरेंद्र निषाद को 25 मई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, फिर मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया कि 27 मई को जेल में दोबारा दिए बयान में बालिका को बरामद कराने की बात कही है। विवेचक के प्रार्थना पत्र का विरोध करते हुए उनके अधिवक्ता जीतेन्द्र श्रीवास्तव ने बहस किया कि पुलिस के बयान में यह नहीं लिखा कि बालिका को कहां से बरामद होना है, यह भी कि आरोपी ने कोई बयान नहीं दिया है। मजिस्ट्रेट ने पुलिस का रिमांड प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

### पति समेत सात पर दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के खालिसपुर मुबारकपुर गांव के रमेश निषाद ने अपनी पुत्री बबीता निषाद की शादी अंबेडकर नगर जिले के महरुआ थाने के मंसापुर गांव के श्रवण निषाद पुत्र शिव कुमार निषाद के साथ 21 अप्रैल 2024 को की थी। शादी में ही लड़की की विदाई कर दी थी। आरोप है कि ससुराल के लोगों ने पांच लाख नकद एवं चार चक्का वाहन की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर लड़की को शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। इसके बाद मायके वालों ने लड़की को अपने घर बुला लिया। रमेश निषाद की तहरीर पर पुलिस ने पति श्रवण निषाद, ससुर शिव कुमार निषाद, सास पार्वती देवी, नंद रिंकी एवं प्रियंका तथा कुलदीप एवं अमन के विरुद्ध सोमवार को दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कर लिया है।

### छीने गए मोबाइल के साथ दो युवक गिरफ्तार

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** रविवार की रात करीब नौ बजे दूध लेकर घर जा रहे नगर कोतवाली के कांशीराम कालोनी निवासी सुरेश का मोबाइल छीन बुलेट सवार दो युवक भाग निकले। इसकी शिकायत उसने नगर कोतवाली में की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। सोमवार की सुबह उपनिरीक्षक जगदीश सिंह, हेड कांस्टेबल ऋषिराज सिंह ने मुखबिर की सूचना पर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए युवकों की शिनाख्त अमेठी जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के टीकरमाफी निवासी वीरभान सिंह, पीपरपुर थानाक्षेत्र के दहियावा भादर निवासी अनुपम के रुप में हुई। पुलिस ने पकड़े गए युवकों के पास से छीना हुआ मोबाइल बरामद करते हुए न्यायालय भेजा, जहां से जेल भेजा गया।

### रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को पिलाया शरबत


यात्रियों को शरबत पिलाते श्री गुरु नानक देवजी लंगर सेवा ट्रस्ट के लोग।

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** श्री गुरु नानक देवजी लंगर सेवा ट्रस्ट द्वारा सोमवार को रेल यात्रियों को शरबत पिलाया गया। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने रेल यात्रा से लौटे लोगों के साथ प्लेटफार्म पर मौजूद यात्रियों के पास जाकर शरबत पिलाया। साथ ही रेलवे के सभी विभागों में जाकर अधिकारियों और कर्मचारियों को भी शरबत पिलाया गया। आयोजक गगनदीप सिंह ने कहा कि भीषण गर्मी चिलचिलाती धूप में लोगों का बुरा हाल है। हर आधे घंटे में लोगों का गला सूख जा रहा है। ऐसे में पानी अथवा शरबत पिलाना पुण्य का कार्य होता है। इस मौके पर हरभजन सिंह मीना, महेश दत्त, प्रभाकर दत्त व छोटे छोटे बच्चे शामिल रहे। शरबत वितरण शाम तीन बजे तक चलता रहा।

## मोबाइल मांगने गए युवक को पीटा

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** मोबाइल मांगने गए युवक को लाठी डंडों से जमकर पीटा गया। जिससे उसे काफी चोटें आईं। कोतवाली के नारायणपारा गांव के हीरेंद्र ने गांव के ही मन्नू को चार हजार रुपये मोबाइल लाने के लिए दिया था। आरोप है कि सोमवार को दोपहर हीरेंद्र जब मन्नू के घर अपनी मोबाइल मांगने गया। तभी मन्नू ने शराब के नशे में उसे गाली गलौज देते हुए लाठी डंडों से मारा पीटा। जिससे उसे काफी चोट आई। पीड़ित की तारीफ पर पुलिस ने मन्नू के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

## किशोरी को लेकर पड़ोसी फरार

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** चांदा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने थाने पर तहरीर दी है। उसने बताया कि पड़ोस का युवक उसकी बेटी के साथ छेड़छाड़ करता था। विरोध के बावजूद युवक मान नहीं रहा था। 30 मई को वह अपनी पत्नी को लेकर ससुराल गया था। तभी दोपहर में पड़ोसी युवक अपने भाभी के साथ आया और उसकी बेटी को बहला फुसलाकर मोटरसाइकिल से भगा ले गया। चांदा प्रभारी ने बताया कि युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।


ऐंजर गांव में पशु को टीका लगाते चिकित्सक। अमृत विचार

## कैंप में पशुओं को लगाए गए टीके

**विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के ऐंजर ग्राम पंचायत के पूरे मोतीराम गांव में राहुल तिवारी के यहां पशु चिकित्सा संबंधित कैंप लगाकर पशुओं की वैक्सीन और इलाज निशुल्क में कराया गया। पशु चिकित्सा विभाग ने गोष्ठी आयोजित कर पशुओं की बीमारी के इलाज बताए। कार्यक्रम में डॉ. रईस, कुलदीप सिंह, डॉ. एके झा, डॉ. पंकज यादव, संजय पांडेय, पवन जायसवाल, बीएमसी इंचार्ज हलियापुर संजय सिंह, बीएमसी इंचार्ज देहली बाजार सुरेन्द्र कुमार यादव, विजय नारायण तिवारी आदि मौजूद रहे।

# युवा नशा नहीं, सनातन की ओर झुकें

## उज्जैन से पहुंचे पुजारी महेश जी महाराज ने कहा, सनातन के नियमों का अनुपालन ही धर्म है

बल्दीराय/धनपतगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचार :** विकासखंड बल्दीराय के पूरे रिशाल मिश्र वदरिया में महाकाल उज्जैन से पधारे अखिल भारतीय पुजारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व वरिष्ठ पुजारी महेश जी महाराज का स्वागत किया गया। उन्होंने ग्रामीणों को महाकाल की महिमा बताते हुये युवाओं को नशे से दूर रहने की सलाह दी।

गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा कार्यक्रम में अतिथि के रूप मे पहुंचे पुजारी महेश महाराज ने बताया कि भगवान महाकाल इस कलिकाल में अपने भक्तों के समस्त दुखों का नाश करने वाले हैं। जो भी भक्ति भावना से भगवान महाकाल सरकार की आराधना करता है उसका सब प्रकार कल्याण होता है। उन्होंने लोगों से सनातन का प्रचार प्रसार करने के साथ कहा कि जिस प्रकार श्रीमद्भागवत के श्रवण से परीक्षित मोक्ष हुआ उसी प्रकार भक्ति से सभी का कल्याण होगा। हमें अपने चरित्र को उत्तम रखना चाहिए। युवाओं का नशा की ओर झुकना गलत है। युवाओं में बचपन में सनातन धर्म की ओर झुकाव होना चाहिये। तीर्थों को पर्यटन स्थल के रूप में घोषित करना गलत है। तीर्थ को तीर्थ रहने दिया जाय तो सबका कल्याण होगा। युवा ही नहीं सभी को व्यसन से दूर रहना चाहिये।

पंडित माता प्रसाद पांडेय, सावित्री देवी, शिवांश, धर्मेंद्र व रेखा पांडेय ने वरिष्ठ पुजारी महेश जी व कथा व्यास ज्योतिषाचार्य श्रीराम जी महाराज की आरती उतार कर स्वागत अभिनन्दन किया। इस मौके पर संतोष सिंह, महेंद्र सिंह वैश्य, रमेश सिंह, आर के दीक्षित, जी डी पांडेय, शिव गोबिंद मिश्र, शिवा जी सिंह, सुखदेव मिश्र आदि रहे।


उज्जैन से पहुंचे महेश जी महाराज का किया गया स्वागत।

# छेड़खानी का विरोध करने पर युवकों ने पति को पीटा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार :** शौच को जा रही दो महिलाओं से गांव के दो युवकों ने छेड़खानी की, जिसका महिलाओं ने विरोध किया। घर पहुंच कर महिला ने जब यह बात पति को बताई तो पति ने आरोपियों से पूछताछ की। जिस पर नाराज युवकों ने उसे पीट दिया। तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बल्दीराय थाना क्षेत्र अतौला गांव निवासी गुड़िया ने थाने में तहरीर दी है। उसने बताया कि वह व आशा देवी रविवार की शाम आठ बजे गांव के बाहर शौच गई थीं। आरोप है तभी गांव के ही रितेश व सरकार ने उनके साथ छेड़खानी करने लगे तो दोनों ने विरोध किया। घर आकर इसकी जानकारी अपने पति संजय को बताई तो उन्होंने आरोपियों से पूछताछ की। आरोप है कि दोनों ने उसके पति को गाली गलौज देते हुए मारने पीटने लगे। बीच बचाव में जब हम दोनों गए तो हम लोगों को भी मारा-पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। रात्रि में ही सूचना पर डायल 112 पुलिस आई थी। बल्दीराय थाना प्रभारी आरबी सुमन ने बताया कि तहरीर पर दोनों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# मतगणना आज : सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, 9 बजे से आएंगे रुझान

## प्रतापगढ़ संसदीय सीट के लिए 22 टेबल व कौशांबी ( कुंडा, बाबागंज) की 14 टेबल पर होगी मतगणना, शाम ढलने से पहले आ जाएगा परिणाम

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** संसदीय सीट कौशाम्बी और प्रतापगढ़ संसदीय सीट पर हुए मतदान की मतगणना चार जून मंगलवार को महुली मण्डी में होगी। मतगणना को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पहला रुझान सुबह नौ बजे आएगा। शाम होने के पहले ही मतगणना की प्रक्रिया पूरी हो जाए, इस तरह की तैयारी की गई है। मतगणना सम्बंधित सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इससे मतगणना कर्मियों के साथ ही प्रत्याशियों को भी काफी सहूलियत मिलेगी।

कौशाम्बी लोकसभा का चुनाव 20 मई एवं प्रतापगढ़ संसदीय सीट पर 25 मई को मतदान हुआ था। मतदान के बाद कौशाम्बी ( कुंडा, बाबागंज) एवं प्रतापगढ़ की ईवीएम को महुली मंडी स्थित गोदाम में जमा करा दिया गया है। मतगणना मंगलवार को होगी। मतगणना अभी तक 14 टेबल पर कराए जाने की तैयारी थी, लेकिन अब इसमें बदलाव किया गया है। अब 22 टेबल पर काउंटिंग होगी। टेबल बढ़ाए जाने के बाद गणना कार्मिकों की भी संख्या बढ़ा दी गई है। 532 गणना कर्मियों की ड्यूटी लगी थी, लेकिन टेबल बढ़ने से अब कार्मिकों को बढ़ाकर 748 कर दी गई है। इसके अलावा करीब 100 गणना कर्मियों को रिजर्व में रखा गया है। निर्वाचन अधिकारियों का दावा है कि दोपहर तीन बजे तक मतगणना पूरी हो जाएगी। सहायक अधिकारी मतदान कार्मिक एवं जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद ने बताया कि मतगणना 22 टेबल पर कराए जाने की तैयारी है।


मतगणना कार्मिकों को आवश्यक निर्देश देते प्रेक्षकगण व सीडीओ नवनीत सेहारा।

### निष्पक्षता के साथ करायें मतगणना : प्रेक्षक

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** सेन्ट एन्थोनी इण्टर कालेज में मतगणना कार्मिकों का अंतिम एवं विशेष एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। सुपर मास्टर ट्रेनर डा. विन्ध्याचल सिंह, डा. मो. अनीस एवं धर्मेन्द्र ओझा द्वारा प्रशिक्षण में आवश्यक जानकारी दी गई। भारत निर्वाचन आयोग से नामित प्रेक्षकगण पी. कात्यायनी देवी, पवन कुमार मालापति ने सीडीओ नवनीत सेहारा के साथ निरीक्षण किया। बताया कि किसी भी महत्वपूर्ण प्रपत्र पर कटिंग या ओवरराइटिंग मान्य नहीं होगी।

### मतगणना को लेकर रहेगा रूट डायवर्जन

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** मतगणना के दिन मंगलवार को चिलबला-पट्टी मार्ग पर सामान्य यातायात पूरी तरह से ठप रहेगा। शहर से गुजरने वाले वाहनों को भी पट्टी-रानीगंज की ओर से डायवर्ट किया गया है। साथ ही सबके लिए अलग-अलग पार्किंग की व्यवस्था की गई है। शहर, अंतू, पट्टी, कोहंडौर की ओर से आने वाले मतगणना कार्मिक के वाहन महुली मंडी के पास एफसीआई गोदाम में पार्क होंगे। पट्टी की ओर से अपने वाले एजेंट के वाहन महुली नहर के पास बाग में पार्क होंगे। शहर, अंतू, कोहंडौर की ओर से आने वाले एजेंट महुली बैंक ऑफ बड़ौदा के बगल मैरिज हाल में पार्क होंगे। मीडिया कर्मियों के साथ ही पुलिस वालों के भी वाहन यहीं पार्क होंगे। एसपी सतपाल अंतिल ने बताया कि मतगणना के दिन यातायात व्यवस्था सुबह 6 बजे से प्रभावी रहेगी।

#### इस तरह रहेगी डायवर्जन की व्यवस्था

- सुल्तानपुर की ओर से आने वाले वाहन कोहंडौर, मदाफरपुर, पट्टी, रानीगंज से बादशाहपुर, भुपियामऊ या प्रयागराज जाएंगे।
- प्रयागराज से आने वाले वाहन भुपियामऊ से रानीगंज, पट्टी कोहंडौर होकर सुल्तानपुर जाएंगे।
- अमेठी की ओर से आने वाले वाहन ककरहा मोड़ से शुकुलपुर, मोहनगंज, भुपियामऊ होकरप्रयागराज या जौनपुर जाएंगे।
- गड़वारा, बाबूगंज के वाहन भी शुकुलपुर, मोहनगंज होकर आगे जाएंगे।
- लालगोपालगंज, कुंडा की ओर से सुल्तानपुर जाने वाले वाहन मोहनगंज, अजगरा, लीलापुर, संडवाचंद्रिका, बिहारगंज, चिलबिला डबल फाटक होकर कोहंडौर, सुल्तानपुर जाएंगे।

### जौनपुर की दो लोकसभा सीटों की मतगणना आज

जौनपुर। जिले के दो लोकसभा क्षेत्र जौनपुर और मछलीशहर में पड़े वोटों की गिनती चार जून को पूर्वांचल विश्वविद्यालय में होगी। यहां मतगणना की तैयारी अंतिम चरण में है। मतगणना के लिए विधानसभा क्षेत्रवार 14-14 टेबल - और तीन-तीन अतिरिक्त टेबल लगाए गए हैं।मतगणना सुबह साढ़े आठ बजे से शुरू होगी। विधानसभा क्षेत्रवार अलग से दो टेबल आरओ और एआरओ के लिए लगाए जाएंगे। इस प्रकार एक विधानसभा क्षेत्र के बूथों में पड़े वोटों की गिनती 19 टेबल पर होगी।

### दो राजनीतिक घरानों में छिड़ी कुर्सी की जंग, किसके सिर होगा ताज़

**प्रयागराज, अमृत विचार :** भारत को प्रधानमंत्री देने वाली इस इलाहाबाद संसदीय सीट पर हुआ चुनाव काफी दिलचस्प रहा है। इस लोकसभा चुनाव में मतदाता विकास, राष्ट्रवाद, कानून-व्यवस्था के मुद्दों को मत किया गया। इस चुनाव में जातिवाद ने कड़ी टक्कर दी है। दो राजनैतिक घरानों में छिड़ी कुर्सी की इस जंग में 4 जून को मतगणना के बाद किसके सिर ताज़ होगा यह अभी कह पाना मुश्किल है।

लोकसभा चुनाव के छठवें चरण का मतदान शनिवार 25 मई को कड़ी सुरक्षा में संपन्न हो गया है।

पांच विधानसभा सीटों वाले इस संसदीय क्षेत्र में इस बार मतदाताओ ने काफी सोच समझ कर मतदान किया है। मतदाताओं ने विकास और कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर ही वोटिंग की है। इस बार लोकसभा चुनाव में जातीय समीकरण भारी रहा है। वहीं, लोकसभा चुनाव में मतदाताओं में वोटिंग के प्रति कम रुचि दिखाई देना बीजेपी के लिए खतरे का सबब बना दिखाई दिया है।

इलाहाबाद सीट प्रदेश की सबसे हॉट सीट मानी जा रही है। जहां दो नेताओं में एक दिवंगत केसरीनाथ त्रिपाठी के पुत्र नीरज त्रिपाठी तो दूसरे कुँवर रेवती रमण सिंह के पुत्र उज्ज्वल रमण सिंह के बींच कड़ा मुकाबला रहा है। लेकिन इसके बावजूद भी वोटिंग पिछले चुनाव के मुकाबले कम मतदान हुआ। वोटिंग में आई इस कमी को कुछ चुनावी महारथी बीजेपी के लिए बेहतर नहीं समझ रहे हैं। पिछले चुनाव के मतदान प्रतिशत की बात करें तो जब-जब मतदान का प्रतिशत कम रहा है, तब बीजेपी के लिए खतरे की घंटी बजी है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या इस बार हाट इलाहाबाद संसदीय सीट पर बीजेपी की मजबूती कम दिखी। पोलिंग बूथ 51 मतदाताओं का घर से न निकलना क्या संदेश दे रहा है। 2014 और 2019 के वोटिंग प्रतिशत की तुलना 2024 के चुनाव से करें तो 2019 में इस सीट पर लगभग दो हजार कम मतदान हुआ था। फिर भी भाजपा की रीता बहुगुणा जोशी ने विजय हासिल करते हुए परचम लहराया था। प्रयागराज में प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अमित शाह की लगातार रैली के बावजूद यह कयास लगाया गया था कि इस बार चुनाव का प्रतिशत 60 के ऊपर होगा। इस चुनाव में कम मतदान कम हुआ। पिछले चुनावों से तुलना में इस बार लोगो में उत्साह कम देखने को मिला है। चुनावी विश्लेषक भी इस बार मतदान का प्रतिशत कम होने की वजह का कई कारण बता रहे हैं। कई विश्लेषकों का मानना है कि मतदाता बीते दो चुनाव के लहर जैसे ही इस बार भी बीजेपी की ही जीत को मान रहे थे। इस वजह से वो मतदान में उत्साह कम रहा। इसके साथ ही इस बार मतदाता धर्म के आधार पर भी वोट डालने को तैयार नही हुआ। विश्लेषक यह मान रहे हैं कि इस बार भी चुनावों में बीजेपी की इलाहाबाद सीट पर जीत आसान नही है।

#### 2019 में 54% हुआ था मतदान

2019 के लोकसभा चुनाव में इलाहाबाद संसदीय सीट में कुल 53 .4 प्रतिशत वोटिंग हुई थी, जबकि इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में 51 .75 फीसदी ही मतदान हुआ है। इस बार महंगाई, बेरोजगारी थे साथ जातीय समीकरण को लेकर बूथों पर मतदाता अपना वोट किये है। मोदी के नाम पर इलाहाबाद में भाजपा के लिए जीत हांसिल करना आसान नहीं है।

#### दो दिग्गज नेताओं के बेटों में कड़ी टक्कर

इलाहाबाद सीट पर भाजपा के कद्दावर नेता रहे पं. केशरीनाथ त्रिपाठी के बेटे नीरज त्रिपाठी और कांग्रेस के टिकट पर लड़ रहे सपा नेता रेवती रमण सिंह के पुत्र उज्ज्वल रमण सिंह के बीच कड़ी चुनौती रही है। वहीं बसपा से रमेश पटेल मैदान में थे।

#### कड़ी सुरक्षा में होगी मतगणना

मतगणना को लेकर प्रयागराज कमीश्नर रमित शर्मा और जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने कड़ा बंदोबस्त किया है। मुंडेरा मंडी में 11000 सिपाहियो को तैनात किया गया है साथ ही पैरामिलिट्री फोर्स आर ए एफ, के साथ आरएएफ के जवान भी लगाए गये है जिससे किसी प्रकार का कोई बवाल न हो सके। उपद्रव या बवाल करने वालो के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### पुत्री के अपहरण का आरोप

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बीते रविवार को थाने में तहरीर देकर नाबालिक पुत्री को युवक द्वारा अपने प्रेम जाल में फंसाकर बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग किया है।

### महिला का शव मिला

**चुनार (मिर्जापुर)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामपुर निवासिनी पार्वती देवी 40 वर्ष पत्नी झप्पू का शव घर से 500 मीटर दूर रोड के किनारे सिवान में मृत अवस्था में पड़ी मिली। मृतक के पति ने बताया कि घर पर मीट चावल बना था।पत्नी के साथ हम लोग खाना खाकर रात्रि 12 .00 बजे सो गए पत्नी कब उठकर चली गई हमें पता नहीं हमें लगा शौच करने गई होगी सुबह ग्रामीणों ने हमें बताया मौके पर ग्राम प्रधान भी पहुंच गए थे। घटना स्थल पर पति पहुंचकर शव का पहचान अपनी पत्नी के रूप में किया। पति ने बताया कि मेरी पत्नी का किसी ने हत्या कर दिया है।

### बाइक सवार दो घायल

**जौनपुर, अमृत विचार।** जिले के शाहगंज कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत बड़ागांव पुलिया के समीप बोलेरो की चपेट में आने से सरपतहां थाना क्षेत्र के सवायन गांव निवासी 35 वर्षीय गोरेलाल पुत्र पतिराम राजभर व 30 वर्षीय संजय कुमार पुत्र तिडीराम शाहगंज से बाइक से घर जा रहें थे कि बड़ागांव पुलिया के समीप तेज रफ्तार बोलेरो की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए।

### जलाशय में छोड़ा मगरमच्छ

**हलिया (मिर्जापुर) अमृत विचार।** नौडिहवा मुड़पेली गांव में सोमवार की सुबह 7 बजे सीवान में शौच करने के लिए गये ग्रामीणों ने मगरमच्छ को देखा। वन्यजीव रक्षक नीटू शर्मा ने ग्रामीणों के सहयोग से मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़कर अदवा बैराज के सुरक्षित जलाशय में छोड़ दिया है।

# टोल टैक्स में बढ़ोतरी व दूध के बढ़े दाम

लालगंज प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी ने केन्द्र की मोदी सरकार पर चुनाव के ठीक बाद टोल टैक्स व अमूल दूध के दामों में बढोत्तरी को लेकर जनता के साथ एक और छल तथा विश्वासघात बताया।


प्रमोद तिवारी

चुनाव के ठीक बाद टोल टैक्स में पांच प्रतिशत टैक्स बढोत्तरी से सफर मंहगा हुआ है। अमूल तथा मदर डेयरी ने दूध के दामों में दो रूपये प्रति लीटर बढोत्तरी के सरकार के फैसले से बच्चों की खुराक तक मंहगी हुई है। पीएम मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि मंहगाई का एम से भाजपा का जुड़वा रिश्ता है। एम से मंहगाई और एम से ही मोदी की पहचान देश की जनता को लगातार पीड़ा दे रही है। चुनाव आयोग में कांग्रेस और इण्डिया गठबंधन द्वारा मतगणना में ईवीएम की गिनती से पहले बैलेट पेपर गिने जाने को कानूनन जायज बताया है। कहा कि 1961 में बने कानून के तहत अब तक सबसे पहले पोस्टल बैलेट की ही गिनती होती आयी है। पहले भी पोस्टल बैलेट और बाद में बैलेट की गिनती होती रही अब पहले पोस्टल बैलेट तथा ईवीएम की गिनती की प्रक्रिया बनायी गयी है। विपक्ष ने आयोग से यही आशंका जतायी है कि आखिर इस बार मतगणना की व्यवस्था में पोस्टल बैलेट को पहले न गिने जाने का आधार क्या है? उन्होनें कहा कि कांग्रेस ने अपनी इसी संवैधानिक बात को आशंका के रूप में निर्वाचन आयोग के समक्ष अनुरोधपूर्वक रखा है। उन्होनें कहा कि देश में चुनावी प्रक्रिया निष्पक्ष होनी ही नहीं बल्कि यह निष्पक्षता दिखलायी पड़नी चाहिए। उन्होनें कांग्रेस की जतायी आशंका को लेकर सरकार के मंत्रियों की आयोग से इस पहलू पर मुलाकात पर तंज कसते हुए कहा कि सरकार का आयोग में जाना चोर की दाढ़ी में तिनका ही प्रदर्शित कर गया है। एग्जिट पोल को लेकर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि पिछले कई चुनावों की तरह यह एग्जिट पोल फिर झूठे साबित होंगे।

## आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दिया धरना

**कुंडा प्रतापगढ़ अमृत विचार :** महेशगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की एक महिला के साथ ग्राम प्रधान करुरेंद्र, पवन सरोज ने दो साथियों के साथ गैंगरेप किया था। पीड़िता ने ग्राम प्रधान समेत चार लोगों के ऊपर सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था। महीनो से गिरफ्तारी के लिए महिला थाने का चक्कर लगा रही थी। सोमवार को पीड़िता महेशगंज थाने के अंदर धरने पर बैठ गई। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जमकर हंगामा किया। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। ( वीडियो व उससे जुड़े तथ्यों की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है।) वीडियो में महिला सिपाही ने धरने पर बैठी पीड़िता का मोबाइल छीनते हुए नजर आ रही है।

# मनोबल कमजोर करने के लिए दिखाया जा रहा एग्जिट पोल

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की मतगणना चार जून को होनी है। निष्पक्ष मतगणना कराए जाने को लेकर प्रशासन पूर्ण रूप से कटिबद्ध है, लेकिन जब केंद्र से दबाव बनाया जाता है तो प्रशासन उलट फेर कर देते है। यह बातें सोमवार को सपा कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में आइएनडीआईए के सपा प्रत्याशी डॉ. एसपी सिंह पटेल ने कही।

उन्होंने कहा कि बड़े - बड़े पूंजीपतियों के चैनलों द्वारा एक फर्जी एग्जिट पोल दिखाया जा रहा है, ताकि हम लोगों के अंदर एक दबाव पैदा हो जाए और मनोबल हमारा कमजोर हो जाए। इसलिए यह फर्जी एग्जिट पोल बनाया गया है। उन्होंने निष्पक्ष मतगणना कराए जाने में पत्रकारों से सहयोग करने को कहा। पट्टी विधायक राम सिंह पटेल ने कहा कि जो चुनाव आम जनमानस ने वोटिंग की है। इसकी निष्पक्ष मतगणना हो, जिससे लोग वोटिंग किए हैं। पूर्व विधायक नागेंद्र सिंह मुन्ना यादव ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत जनता होती है। इस दौरान जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, पूर्व जिलाध्यक्ष भैया राम पटेल,राम प्रताप सिंह,बृजेश मिश्र,नवरंग सिंह,मीडिया प्रभारी वकार अहमद आदि मौजूद रहे।

# चुनरी के लाज की शूटिंग की हुई शुरुआत

संवाददाता, जौनपुर

**अमृत विचार।** भोजपुरी टेलीविजन इंड्रस्ट्री में सुर्खियों में रहने वाले जाने माने अभिनेता संजय पाण्डेय ने फिल्म चुनरी के लाज की शूटिंग के भव्य मुहूर्त पर फिल्म के विषय में जानकारी दी। इस फ़िल्म का शुभारम्भ ज़िले के जफराबाद क्षेत्र के सुल्तानपुर प्रथम के हरिबल्लमपुर के अरुणा तिवारी के मकान में हुआ। इस फ़िल्म के निर्देशक अरुण तिवारी है,जो अपने निर्देशन में कई फिल्में बना चुके है। ये फ़िल्म की शूटिंग श्री गणेशा प्रोडक्शन के बैनर तले हो रहा है। भोजपुरी अभिनेता संजय पांडे रविकिशन, दिनेश लाल यादव निरहुआ, पवन सिंह, खेसारी लाल यादव के साथ तमाम फिल्मों में काम कर चुके हैं। अक्सर कई फिल्मों में विलेन की भूमिका निभाते भी नजर आते रहे है लेकिन इस फ़िल्म में सकारात्मक भूमिका निभा रहे हैं। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह फ़िल्म का निर्माण वो इस फ़िल्म की कहानी को देखकर कर रहे है। उन्हें उम्मीद है कि यह कहानी दर्शकों को जरूर पसंद आएगी। उन्होंने कहा कि फ़िल्म का नाम है चुनरी की लाज है। जिनकी शूटिंग चल रही है। यह एक पारिवारिक फ़िल्म है, एक अच्छे संदेश के साथ किया जा रहा है। फ़िल्म में मेरी सकारात्मक भूमिका है, कहीं से कुछ भी नकारात्मक नहीं है।

## बुजुर्ग ने ट्रेन से कूदकर दी जान

**नैनी, प्रयागराज, अमृत विचार:** मामला यमुनानगर के सारंगापुर घूरपुर क्षेत्र का है। यहां फौज से रिटायर्ड 80 साल के एक बुजुर्ग ने सोमवार सुबह मुंबई- हावड़ा रेल मार्ग पर ट्रेन से कटकर जान दे दी। हाल ही में वह वर्ष 2023 में जेल से रिहा होकर घर आया था। साल 2016 में घरेलू विवाद में उसपर अपने ही बेटे की पत्नी की हत्या का आरोप लगा था। विवाद के दौरान बुजुर्ग फौजी ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से बेटे राजीव तिवारी की पत्नी अंजू की गोली मारकर हत्या कर दी थी और असलहे समेत खुद घूरपुर थाने में जाकर जुर्म कबूल कर लिया था। रिटायर्ड फौजी शिवमूरत तिवारी मूल रूप से प्रयागराज के करैली थाना क्षेत्र के करेहदा गांव का रहने वाला था।

# सपा ने मतगणना की निष्पक्षता पर उठाये सवाल

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने मंगलवार 4 जून को होने वाली मतगणना की निष्पक्षता पर सवाल उठाया है। मतगणना स्थल पर पुख्ता इंतजाम किए जाने की मांग की है। पार्टी के विधायकों और दूसरे नेताओं ने संगम नगरी प्रयागराज में प्रेस वार्ता कर यह आशंका जताई है कि मतगणना में लगे कर्मचारी सरकार के दबाव में गड़बड़ी कर सकते हैं।

मंगलवार चार जून को मुंडेरा मंडी में होने वाली मतगणना से पहले सोमवार को समाजवादी पार्टी के नेताओ ने प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता की। जिसमें विधायक संदीप पटेल ने कहा कि पूरी निष्पक्षता के साथ मतगणना कराई जाए। सरकार के दबाव में आकर मतगणना स्थल में लगाए गये कर्मचारी गड़बड़ी कर सकते है। विपक्ष के प्रत्याशियों को हराने का काम कर सकते हैं। पार्टी ने मतगणना में लगे अपने एजेंटों को सतर्कता बरतने को कहा है। समाजवादी पार्टी का कहना है कि वह लोग मतगणना के दौरान खुद नजरे गड़ाए रहेंगे और साथ ही कुछ गलत होने पर संवैधानिक तरीके से अपना विरोध दर्ज करेंगे। गंगापार - यमुनापार और महानगर के अध्यक्षों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव की तरह ही काउंटिंग में हेरा फेरी किए जाने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता।इस मौके पर विधायक संदीप पटेल, डा मानसिंह यादव, हाकिम लाल बिंद, पूर्व विधायक मुज्तबा सिद्दीकी मौजूद रहे।


प्रेस क्लब में प्रेसवार्ता करते समाजवादी पार्टी के नेता। अमृत विचार

**समस्या** डॉक्टरों की तैनाती करने का निर्णय, नहीं हो पा रहा पोस्टमार्टम

# प्रयागराज के पोस्टमार्टम हॉउस में सड़ रहीं लाशें

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** जिले में भीषण गर्मी जानलेवा होती जा रही है। धूप के कारण लोग सड़कों पर गिरकर बेहोश हो रहे है। जहां इलाज से पहले ही उनकी मौत हो जा रही है। मरने वालो की संख्या मे लगातार इजाफा हो रहा है। मौत के बाद शवो को पोस्टमार्टम हाऊस भेजा जा रहा है झान समय पर पोस्टमार्टम न होने से वहां रखी लाशे सड़ रही है। सोमवार को सीएमओ ने पोस्टमार्टम हाऊस मे सुविधा बढ़ाने के साथ डॉक्टरों को बढ़ाने का निर्णय लिया है। 5 दिनों में मरने वालों की संख्या सौ से ऊपर जा चुकी है। इन मौतों के कारण पोस्टमॉर्टम हाउस पूरा फुल हो चुका हैं। घाटों पर शव रखने की जगह नहीं है। पोस्टमॉर्टम और शव जलाने की लंबी कतार लग रही है।

प्रयागराज की बात करे तो पिछले 5 दिन में 93 शव पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे है। रोज के दिनों के अलावा पोस्टमॉर्टम हाउस और घाटों पर संख्या ज्यादा दिखाई पड़ रही है। प्रयागराज के पोस्टमॉर्टम हाउस के हालात बेहद खराब है। भीषण गंदगी और बदबू के बीच मृतको का पोस्टमॉर्टम किया जा रहा है। इसके अलावा लगातार लावारिस लाशें पहुंच रही है।

### गर्मी के कारण फूल रहे शव

पोस्टमॉर्टम हाउस में गर्मी की वजह से वहां रखे शव फूल रहे है। एसआरएन अस्पताल के पोस्टमॉर्टम हाउस में भयंकर बदबू है। पिछले 3 दिनों में रोज के मुकाबले शवों की संख्या अधिक है। पोस्टमार्टम का कोल्ड चैंबर पूरा भरा हुआ है। पोस्टमॉर्टम हाउस के कैंपस में शवों को बाहर जमीन पर रखा गया है। मृतको के साथ आने वाले किसी तरह से अपना समय काट रहे है।

### रात में हो रहा पोस्टमार्टम

शवों की संख्या इतनी ज्यादा है कि रात 10 बजे तक यहां के कर्मचारी-डॉक्टर पोस्टमार्टम कर रहे है।

> पोस्टमॉर्टम हाउस में तीन-चार दिनों से ज्यादा लाशें आ रही है। नोडल अधिकारी से डिटेल मांगी गई है। जरूरत पड़ने पर डॉक्टरों की संख्या बढाई जायेगी। -डॉ. आशु पांडेय, मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रयागराज

# किसी भी दशा में धांधली नहीं होने दी जायेगी: लाल बिहारी

संवाददाता मिर्जापुर

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के मतगणना में सपा इंडिया गठबंधन की सरकार बहुमत के साथ बनने जा रही है। मतगणना में किसी भी धांधली व अनियमितता पर इंडिया गठबंधन सजग है और किसी भी दशा में धांधली नही होने दी जायेगी।

पत्रकारों से बात करते हुए सपा के विधानपरिषद सदस्य डा लालबिहारी यादव नें पार्टी के जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट में कहीं। उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा का चुनाव पार्टी नही जनता स्वयं चुनाव लड़ी है और जब भी किसी चुनाव को जनता लड़ती है तो जनता सरकार बदलने के मूड में होती है तो उसका परिणाम जनता के मुताबिक आता है।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चैधरी नें कहा कि हमारे सभी सम्मानित कार्यकर्ता मुस्तैद है और किसी प्रकार की धांधली का मुंहतोड़ जबाब देगे। सांसद व प्रत्याशी रमेशचंद्र विंद नें काउंटिंग स्थल पालीटेक्निक के बने बाउंड्री को तोड़ा जाना, निर्वाचन आयोग व प्रत्याशियों को सूचित न किया जाना सन्देह उत्पन्न कर रहा है। प्रेसवार्ता में पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव, अशोक यादव, आशीष यादव, सुरेंद्र सिंह पटेल, गुलाब यादव (मुन्नी), परवेज खान, आदर्श यादव, योगेश यादव, सुबाष पटेल आदि मौजूद रहें।

## सार-संक्षेप

### मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज में दो छात्रों से रैगिंग

**प्रयागराज, अमृत विचार :** मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज में एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के दो छात्रों से रैगिंग और मारपीट के बाद आरोपित चार छात्रों पर कार्रवाई की गई है। उन्हें छह महीने के लिए छात्रावास से निष्कासित कर 10 -10 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है। कालेज प्रशासन ने आरोपितों का सामान बाहर कर कमरों में ताला लगा दिया है। छात्रावास में जूनियर छात्रों की पार्टी पर वरिष्ठों ने आपत्ति जताई थी और यही मूल वजह एंटी रैगिंग टीम के सामने आई है। कालेज के छात्रावास में द्वितीय वर्ष के दो छात्रों से पिछले दिनों मारपीट हुई थी। पीड़ितों ने शिकायत कर बताया था कि उनसे रैगिंग हुई है। आरोप चतुर्थ वार्षिक सत्र के चार छात्रों पर लगा।

### फंदे पर लटकता मिला विवाहिता का शव

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र के भोजपुर गांव में विवाहिता का शव घर में कमरे के अंदर चुल्ले से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नगर कोतवाली के भोजपुर गांव निवासी सूर्य प्रताप सिंह की शादी तीन वर्ष पूर्व 26 वर्षीय कल्पना सिंह पुत्री जय सिंह मऊआइमा, प्रयागराज के साथ हुई थी।रविवार की शाम सूर्य प्रताप खाना खाने के बाद सोने के लिए छत पर चला गया और कल्पना अपनी दो वर्षीय बेटी जाह्नवी के साथ नीचे कमरे में ही लेटी थी। सुबह सूर्य प्रताप जब नीचे आया तो कमरे का दरवाजा खटखटाने लगा। काफी देर तक दरवाजा न खोलने पर खिड़की से देखा कि कल्पना का शव छत के चुल्ले से लटका हुआ है। जिसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे चिलबिला चौकी इंचार्ज ने शव को नीचे उतरवाया और पति सूर्य प्रताप सिंह के तहरीर पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूर्य प्रताप तीन भाइयों में सबसे छोटा है।बाहर रहकर टाइल्स लगाने का कार्य करता है। करीब सप्ताह भर पहले घर आया। चिलबिला चौकी इंचार्ज सुमित सिंह ने बताया कि मौत के वजह की जांच की जा रही है।

### भाजपा महानगर आईटी संयोजक पर एक लाख रुपए में डाटा बेचने का आरोप, चैट हुई वायरल

**प्रयागराज, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी में भितर घात का एक नया रूप सामने आया है। जहां भाजपा महानगर के बेहद करीबी और पार्टी पदाधिकारी के सबसे चाहते भाजपा आईटी सेल के महानगर संयोजक की एक चैट लीक होकर सोशल मीडिया पर वायरल हो गयी है। जिसमें पार्टी का डाटा बेचने का आरोप भी लगा है।

भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा के बेहद करीबी और बीजेपी आईटी सेल के संयोजक यश विक्रम त्रिपाठी गई एक चैट लीक हुई है। जिसे ट्विटर पर पोस्ट करते हुए दीपिका पांडे नामक युवती ने यह लिखा है कि यश विक्रम त्रिपाठी जो कि भाजपा आईटी सेल का महानगर संयोजक खुद को बताता है। उसने भारतीय जनता पार्टी के साथ भितरघात किया है। भारतीय जनता पार्टी का डाटा और खास राज कांग्रेस प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह को दिया है। जिसके लिए उन्हे पैसे दिये गये है। चैट में यह भी लिखा गया है कि नीरज त्रिपाठी भारतीय जनता पार्टी से प्रत्याशी हैं। उनकी तरफ से कुछ नहीं मिलेगा।

### देवरी उपकेंद्र की विद्युत आपूर्ति 16 घंटे से बाधित

हलिया (मिर्जापुर)। क्षेत्र के देवरी विद्युत उपकेंद्र से संचालित फीडर की आपूर्ति रविवार की देर शाम आई धूल भरी आंधी से ब्रेकडाउन होने से विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। देर रात तक विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। विद्युत आपूर्ति बाधित होने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता सलमान अहमद ने बताया कि धूलभरी हवाएं चलने से देवरी उपकेंद्र की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई थी विद्युत आपूर्ति बहाल करने के लिए विद्युत आपूर्ति शुरू करने के लिए विद्युतकर्मी लगे हैं फाल्ट मिल गया है जल्द ही विद्युत आपूर्ति बहाल कर दिया जायेगा।

### हाई वोल्टेज से घरों में लगे विद्युत उपकरण जले

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के हलिया विद्युत उपकेंद्र से संचालित अदवा फीडर के हथेड़ा गांव में लगा पच्चीस केवीए ट्रांसफार्मर से सोमवार की दोपहर हाई वोल्टेज करंट प्रवाहित होने से पांच घरों में लगे विद्युत उपकरण जलकर राख हो गये। ग्रामीणों ने विद्युत आपूर्ति बंद कराया है। हथेड़ा गांव निवासी रमाशंकर मौर्य ने बताया कि सोमवार कि दोपहर आई विद्युत आपूर्ति के दौरान पच्चीस केवीए ट्रांसफार्मर से हाई वोल्टेज करंट प्रवाहित होने से बुद्धु, राजेश, उमाशंकर, राजबहादुर,रामू,विजयी, बनवारी आदि के घरों में लगे पंखा, कूलर, मोबाइल चार्जर, फ्रिज, विद्युत बोर्ड, आदि जल गये है। तत्काल विद्युत आपूर्ति बंद कराई गई अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

### मिस एण्ड मिसेज यूपी क्वीन 2024 का ऑडिशन

**जौनपुर अमृत विचार।** नगर के एक होटल में मिस एण्ड मिसेज यूपी क्वीन 2024 का ऑडिशन हुआ। फ्रेंड्स ग्रुप ट्रस्ट एवं जारा इवेंट द्वारा आयोजित सीजन 3 के ऑडिशन में जनपद की दो दर्जन से ज्यादा बालिकाओं और महिलाओं ने प्रतिभा ग किया। ऑडिशन प्रतियोगिता में रैंप वॉक, प्रश्न उत्तर, ब्यूटी विद ब्रेन को देखते हुए लोगों का सेलेक्शन किया गया। फाइनल में पहुंचने की प्रबल दावेदार शैली मिश्रा, स्नेहा सिंह, नेहा सिंह, पूजा माली, शालिनी, आदित्य सिंह हैं। फाइनल रिजल्ट ग्रैण्ड फिनाले के 10 दिन पहले बताया जाएगा। जनपद के अलावा आजमगढ़, इलाहाबाद, लखनऊ, नोएडा, गोरखपुर, वाराणसी आदि शहरों में ऑडिशन होना बाकी है। मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद जौनपुर की अध्यक्ष मनोरमा मौर्या ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी।

